www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 330 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
25 फरवरी 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 06:35
सूर्यास्त: 06:04
अधिकतम: 29°00
न्यूनतम: 14°00




विशेष समाचार
अयोध्या अब धार्मिक नगरी ... >> पेज 04
परिवार के 6 लोग घर में जिंदा... >> पेज 06
डॉन 3 विवाद में आया नया ...

### तीन रेल 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रोजेक्ट को भी मंजूरी, मोदी कैबिनेट ने कई बड़े फैसलों पर लगाई मुहर

# केरल का नाम अब 'केरलम'

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को हुई यूनियन कैबिनेट की बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी मिल गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। साथ ही पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई। कैबिनेट ने रेल नेटवर्क को और मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी है। यूनियन मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'कैबिनेट ने 5,236 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन को डबल करने को मंजूरी दी। इसके साथ पुनारख और किउल के बीच 2,668 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट वाली तीसरी और चौथी रेल लाइन प्रोजेक्ट को भी मंजूरी मिली।

>> (शेष पेज 06 पर)



> नए पीएमओ भवन 'सेवातीर्थ' में हुई पहली कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्निनी वैष्णव ने जानकारी दी कि केरल का नाम बदलकर केरलम कर दिया गया है।

#### सीएम विजयन के प्रस्ताव को हरी झंडी

इस प्रस्ताव को पेश करने वाले मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन चाहते थे कि केंद्र सरकार संविधान के आठवें शेड्यूल में शामिल सभी भाषाओं में दक्षिणी राज्य का नाम केरल से बदलकर केरलम कर दे। प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि राज्य को मलयालम में 'केरलम' कहा जाता है और मलयालम बोलने वाले समुदायों के लिए एक संयुक्त केरल बनाने की मांग राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही जोरदार तरीके से उठी है। लेकिन उन्होंने कहा था कि संविधान के पहले शेड्यूल में राज्य का नाम केरल लिखा है।

**12,236**

- करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसले केंद्र सरकार ने मंजूर किए
- रेलवे, शहरी परिवहन और विमानन क्षेत्रों में बड़ा निवेश होगा
- जूट उद्योग को बढ़ावा और केरल का नाम बदलने का निर्णय

#### गृह मंत्रालय के सुझाव के बाद पास हुआ था दूसरा प्रस्ताव

विधानसभा के प्रस्ताव के बाद मंगलवार को हुई यूनियन कैबिनेट की मीटिंग में राज्य का नाम केरल से बदलकर केरलम करने को मंजूरी दे दी गई है। केरल विधानसभा ने दूसरी बार प्रस्ताव पास किया था क्योंकि गृह मंत्रालय ने कुछ टेक्निकल बदलावों का सुझाव दिया था।

सदन ने अगस्त 2023 में भी एक जैसा प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास करके केंद्र को भेजा था, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसमें कुछ टेक्निकल बदलाव सुझाए थे।

## धर्मांतरण के आरोप में सगी बहनों समेत 3 आरोपी अरेस्ट

### गुजरात और मुंबई लड़कियां सप्लाई करतीं

**खुलासा**

तमसा संकेत, एजेंसी




भोपाल । मध्य प्रदेश पुलिस ने भोपाल में काम देने के बहाने धर्मांतरण और सेक्स रैकेट चलाने के आरोप में दो सगी बहनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वे लड़कियों का धर्मांतरण करवाकर अमीर युवकों को गुजरात और मुंबई तक सप्लाई करती थीं। दोनों ने इतना पैसा कमाया कि भोपाल की अब्बास नगर की एक झुग्गी से निकलकर आशिमा मॉल के पास सागर रॉयल विला में आलीशान विला खरीद लिया। अमरीन और आफरीन नाम की ये बहनें लग्जरी लाइफ स्टाइल जीती थीं। मामले का खुलासा तब हुआ, जब रविवार रात को भोपाल और छत्तीसगढ़ की रहने वाली दो युवतियां राजधानी के बाग सेवनिया थाने पहुंच गईं। दोनों ने थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई।

> शराब और ड्रग्स लेने के लिए दबाव डालती थीं

पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया। सोमवार को अमरीन, आफरीन और चंदन यादव को गिरफ्तार कर लिया।

>> (शेष पेज 06 पर)

## बस की टक्कर से गिरे मजदूरों को ट्रक ने रौंदा

### सड़क हादसा 6 की मौत और 15 घायल

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

बिहपुर (भागलपुर)। बिहार के भागलपुर जिले में मंगलवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। इसमें 6 मजदूरों की मौत हो गई और करीब 15 लोगों के घायल होने की सूचना है।

जानकारी के अनुसार, हादसा एनएच-31 पर झंडापुर थाना क्षेत्र में हुआ। यहां दयालपुर और बगड़ी ओवर ब्रिज के बीज एक दर्जन के करीब मजदूर जुगाड़ गाड़ी से जा रहे थे। बताया गया है कि इन मजदूरों की जुगाड़ गाड़ी को पहले एक बस ने टक्कर मारी थी। इस टक्कर की वजह से मजदूरों की गाड़ी पलट गई और वे सभी सड़क पर गिर गए।

इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने इन मजदूरों को रौंद दिया। इसकी वजह से 6 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

>> (शेष पेज 06 पर)



> मृतक समेली कटिहार और खगड़िया के निवासी थे

### एआई समिट हंगामा- उदय भानु 4 दिन हिरासत में

नई दिल्ली । AI इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें आज सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी। इधर AI समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई। चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने लिखा कि चिब की गिरफ्तारी असंवैधानिक और तानाशाह नरेंद्र मोदी की सनक का नतीजा है।

### पीएम पर एपस्टीन-अडाणी के केस का दबाव, भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल

# मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की : राहुल

**चौपाल**

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया।

राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था।

>> (शेष पेज 06 पर)



भोपाल में कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इसमें राहुल-खड़गे शामिल हुए।



#### खड़गे बोले- मोदी ने किसानों के साथ छल किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। मोदीजी कांग्रेस शासन में पैदा हुए, उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए।

#### मोदी ने बिना कैबिनेट से पूछे अमेरिका से डील की

राहुल गांधी बोले प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी। किसानों और देश के हित से समझौता किया- सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा। >> (शेष पेज 06 पर)



युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता रेलिंग पर चढ़कर झंडा लहरा रहे थे।

**फास्ट न्यूज**

#### 277 हस्तियों ने एआई-समिट में शर्टलेस प्रदर्शन की निंदा की

नई दिल्ली। देश की 277 हस्तियों ने AI इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) कार्यकर्ताओं के "शर्टलेस" (कमीज उतारकर) विरोध प्रदर्शन की निंदा की है। इनमें पूर्व हाईकोर्ट जज, सेवानिवृत्त अफसर, पूर्व राजदूत, सेना और पुलिस के रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

**रिहर्सल समस्या**

#### तकनीकी गड़बड़ी के कारण युद्धअभ्यास में शामिल नहीं हुआ तेजस

जैसलमेर । राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के युद्ध अभ्यास 'वायु शक्ति- 2026' की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई।

सबसे पहले सुखोई MKI 30 ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों को तबाह किया। सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए। मिग-29 फाइटर जेट ने टैंकों का काफिला ध्वस्त किया। जैसे ही बम दुश्मनों के टारगेट पर गिरे, धूल का गुबार बन गया। वॉर जोन में आकाश मिसाइल ने टारगेट को हवा में ही उड़ा दिया।

#### लोकसभा अध्यक्ष ने 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

नई दिल्ली । लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स (PFG) का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

### होली पर 28 फरवरी से नौ मार्च तक चलेंगी अतिरिक्त बसें

# यूपी सरकार की सौगात

**निर्णय**

> उत्कृष्ट कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । योगी सरकार ने होली पर्व पर यात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत 28 फरवरी से नौ मार्च तक अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा । इसके साथ ही, उत्कृष्ट कर्मचारियों को 3600 से 4500 रुपये तक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रवर्तन दल लगातार ड्यूटी पर रहेंगे तथा चालकों और परिचालकों का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। बसों की तकनीकी स्थिति दुरुस्त रहे, सीटें ठीक हों, खिड़कियों के शीशे सही हों और फायर सेफ्टी उपकरण उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



> योगी सरकार ने यात्रा के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जाम या दुर्घटना की स्थिति को काबू कर संचालन सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।




#### अनुबंधित बसों के कर्मियों को नहीं मिलेगा अवकाश

प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि दिल्ली एवं गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश से यात्रा का दबाव अधिक रहता है। इसलिए इन क्षेत्रों में बसों और कर्मचारियों की पर्याप्त संख्या पहले से सुनिश्चित की जाएगी। यदि प्रारंभिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत यात्री लोड मिलता है तो प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत निगम बसों को ऑनरोड रखा जाए और अनुबंधित बसों के कर्मियों को पर्व अवधि में अवकाश न दिया जाए। वाहन स्वामी समय से मरम्मत कार्य पूर्ण कर बसें संचालन हेतु उपलब्ध कराएं।


## शंकराचार्य को गिरफ्तारी का डर, पहुंचे हाईकोर्ट

### युवक का दावा-आशुतोष महाराज ने लालच दिया

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । बच्चों से यौन शोषण मामले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। उन्हें डर है कि प्रयागराज पुलिस उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। इस बीच, शाहजहांपुर में रहने वाले रमाकांत दीक्षित ने शंकराचार्य पर FIR कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि आशुतोष पांडेय ने उसे अपनी नाबालिग बेटियों के जरिए शंकराचार्य को फंसाने का लालच दिया था। उसका दावा है कि उसने ऐसी साजिश रचने से इनकार कर दिया। यह बात उसने शंकराचार्य को वाराणसी पहुंचकर बताई है। इधर, मंगलवार को शंकराचार्य ने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रयागराज के एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। मोबाइल पर अजय पाल शर्मा और आशुतोष महाराज की एक तस्वीर भी दिखाई। इसमें अजय पाल शर्मा केक काटते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि आशुतोष महाराज उनके बगल में खड़े हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



## हिमालय और पर्यावरण पर गंभीर खतरा : शेखर पाठक

### पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना पर दिया जोर

**चिंता**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। प्रख्यात पर्यावरणविद, लेखक और इतिहासकार शेखर पाठक ने कहा कि पर्यावरण के साथ लगातार हो रही छेड़छाड़ मानवता के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। हिमालय क्षेत्र के पर्यावरण में असंतुलन केवल उत्तर भारत ही नहीं, बल्कि पूरे देश और विश्व के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और इसका सीधा प्रभाव मौसम और मानसून पर पड़ रहा है। यह बातें उन्होंने लखनऊ में आयोजित एक चर्चा गोष्ठी में कहीं। इस गोष्ठी का आयोजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने किया था। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, हिमालय के महत्व और सामाजिक चेतना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। शेखर पाठक ने कहा कि हिमालय का महत्व केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि नेपाल, चीन और तिब्बत सहित पूरे एशिया के लिए यह महत्वपूर्ण है।

>> (शेष पेज 06 पर)



> हिमालय का महत्व केवल भारत तक सीमित नहीं


### सजा : मंशाराम हत्याकांड में न्यायालय ने सुनाया फैसला, तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेजा

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख व माफिया सूचीबद्ध अजय सिपाही समेत तीन को उम्रकैद

- विवेचना स्थानांतरित, चार के खिलाफ आरोप पत्र
- अदालत ने तीन को दोषी ठहराया
- प्रदेश की माफिया सूची में शामिल है अजय सिपाही

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। बहुचर्चित हत्या प्रकरण में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए कटेहरी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख व प्रदेश की माफिया सूची में शामिल अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही समेत तीन आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया है। फैसले के बाद तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। घटना का संबंध महरुआ थाना क्षेत्र से पाए जाने पर विवेचना सुलतानपुर से स्थानांतरित कर महरुआ थाना को सौंप दी गई। जांच के बाद पुलिस ने मुलायम यादव, अजय कुमार यादव, गिरेंद्र कुमार पांडेय और अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही के विरुद्ध हत्या सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। >> (शेष पेज 06 पर)



#### होली के दिन बुलाकर ले जाया गया था युवक

मामला 23 मार्च 2016 का है। सुलतानपुर जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के किशनागरपुर गांव निवासी मंशाराम यादव को होली के दिन गांव के मुलायम यादव और अजय कुमार यादव अपने साथ ले गए थे। परिजनों के अनुसार दोनों ने महरुआ स्थित दुकान पर चलने की बात कहकर उन्हें घर से बुलाया था।

>> (शेष पेज 06 पर)

> अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) रामविलास सिंह की अदालत ने सुनवाई पूरी होने के बाद यह निर्णय सुनाया। न्यायालय ने अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही और अजय यादव पर 15-15 हजार रुपये तथा मुलायम यादव पर 18 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

#### निर्माणाधीन मकान में गोली मारने का आरोप

मृतक की चाची चंद्रावती ने जयसिंहपुर थाने में मुलायम यादव और अजय यादव के खिलाफ हत्या कर शव फेंकने की तहरीर दी थी। इसके बाद मृतक के मामा ओमप्रकाश यादव ने पुलिस उपमहानिरीक्षक अयोध्या को प्रार्थना पत्र देकर विस्तृत आरोप लगाए। तहरीर में कहा गया कि मंशाराम यादव अक्सर मुलायम यादव, अजय यादव और अजय सिपाही के साथ रहते थे। घटना वाले दिन उन्हें लोकनाथपुर गांव स्थित अजय प्रताप सिंह के यहां दावत में ले जाया गया। आरोप था कि अजय सिपाही के निर्माणाधीन मकान में मंशाराम को गोली मारकर हत्या की गई और शव को कपड़े में लपेटकर वाहन से सुलतानपुर जिले में फेंक दिया गया।

हिन्दी दैनिक
तमसा संकेत
www.tamsasanket.com
tamsasanketnews24@gmail.com



# संकरी गली में 'रौबदार' पार्किंग !

## प्रशासनिक खींचतान के बीच रोज जाम से जूझ रहे लोग ■ पुलिस-नगर निगम एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी के संजय गांधीपुरम, फैजाबाद रोड स्थित त्रि शक्ति धाम मंदिर के पास एक कॉलोनी की संकरी सड़क इन दिनों स्थानीय निवासियों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। सड़क के एक किनारे नियमित रूप से एक काली एसयूवी (नंबरः UP32QM3467) खड़ी कर दी जाती है, जबकि दूसरी ओर मोरंग का ढेर और बिजली का खंभा रास्ता और भी संकरा कर देते हैं। ऐसे में दोपहिया वाहन तक निकालना मुश्किल हो जाता है, चारपहिया तो दूर की बात है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद न तो पुलिस कार्रवाई कर रही है और न ही नगर निगम। दोनों विभाग जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डाल रहे हैं, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

### क्या है पूरा मामला?

संजय गांधीपुरम की इस सड़क से रोजाना कई सरकारी अधिकारी, कर्मचारी और राज्य मुख्यालय से मान्यता प्राप्त पत्रकार गुजरते हैं। कॉलोनीवासियों के मुताबिक, संबंधित वाहन अक्सर सड़क के किनारे इस तरह खड़ा किया जाता है कि आवागमन लगभग ठप हो जाता है।

दूसरी ओर सड़क किनारे निर्माण सामग्री (मोरंग) पड़ी रहने और बिजली के खंभे की मौजूदगी से रास्ता और संकरा हो जाता है। आपात स्थिति में एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं का पहुंच पाना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।



■ आपात स्थिति में मुश्किल हो सकता है रास्ता, संकरी गली में खड़ी एसयूवी बनी बाधा।

### शिकायत पर क्या कहती है पुलिस?

स्थानीय निवासियों का दावा है कि जब वे पुलिस से शिकायत करते हैं तो जवाब मिलता है— "हमारे पास न चालान करने की व्यवस्था है, न क्रेन उपलब्ध है। यह नगर निगम का विषय है।"

हालांकि यातायात नियमों के अनुसार सार्वजनिक मार्ग पर बाधा उत्पन्न करने वाली पार्किंग पर कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन जमीनी स्तर पर अमल नहीं दिख रहा।

### नगर निगम ने कहा ये हमारा विषय नहीं है !

जब नगर निगम से संपर्क किया जाता है तो कथित तौर पर जवाब मिलता है कि यह यातायात पुलिस का विषय है। इस प्रशासनिक असमंजस में समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर सड़क सार्वजनिक संपत्ति है तो उसकी बाधा हटाने की जिम्मेदारी तय क्यों नहीं हो पा रही?

■ संजय गांधीपुरम, गाजीपुर थाना क्षेत्र में सड़क पर खड़ी एसयूवी से आवागमन बाधित

### डर और दबाव का माहौल?

कुछ निवासियों का कहना है कि वाहन स्वामी प्रभावशाली और दबंग छवि वाला बताया जाता है, जिसके कारण लोग लिखित शिकायत करने से भी कतराते हैं। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन क्षेत्र में असहजता का माहौल जरूर दिखता है।

लोगों का कहना है कि यदि वाहन को कोई खरोंच भी आ जाए तो उल्टा राहगीरों पर ही कार्रवाई की धमकी दी जाती है।

राजधानी लखनऊ में यदि एक कॉलोनी की सड़क पर आम नागरिकों को रोज जाम और डर का सामना करना पड़ रहा है, तो यह प्रशासनिक समन्वय पर बड़ा सवाल है। संकरी गलियों में अवैध या लापरवाह पार्किंग न सिर्फ असुविधा बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी गंभीर मुद्दा है।

अब देखना यह है कि गाजीपुर थाना क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में कब और क्या कार्रवाई करते हैं।

### मांग — जल्द स्वतः संज्ञान ले प्रशासन

स्थानीय नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से स्वतः संज्ञान लेकर स्थिति का निरीक्षण करने और स्पष्ट जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। उनका कहना है कि—

- सड़क से अतिक्रमण और अवैध पार्किंग हटाई जाए
- निर्माण सामग्री को निर्धारित स्थान पर रखा जाए
- नियमित गश्त और निगरानी की व्यवस्था हो
- हेल्पलाइन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए

# आईआईएम लखनऊ के स्टूडेंट को मिला एक करोड़ का पैकेज

## 559 स्टूडेंट्स को मिले कुल 580 ऑफर

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। IIM लखनऊ के छात्रों को देश और विदेश की कंपनियों में आकर्षक पैकेज मिले हैं। IIM लखनऊ ने अपने 40वें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (PGP) बैच और 21वें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट (PGP-एबीएम) बैच के लिए फाइनल प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस वर्ष 559 छात्रों को 580 से अधिक नौकरी के ऑफर मिले हैं। प्लेसमेंट के माध्यम से छात्रों को सर्वोच्च घरेलू पैकेज (CTC) एक करोड़ रुपये प्रतिवर्ष ऑफर हुआ है। वहीं, सर्वोच्च अन्तरराष्ट्रीय पैकेज (सीटीसी) 65 लाख रुपये प्रतिवर्ष मिला है। प्लेसमेंट प्रक्रिया में छात्रों को औसत वेतन 33.2 लाख रुपये प्रति वर्ष ऑफर किए गए हैं।

छात्रों को कंसल्टिंग, फाइनेंस, जनरल मैनेजमेंट, प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग, ऑपरेशंस एंड रिटेल और ई-कॉमर्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भूमिकाएं प्रदान की गई। हाइब्रिड मोड में हुई प्लेसमेंट ड्राइव में 200 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने सक्रिय भागीदारी की। रिमोट और कैंपस दोनों पर प्रतिभागियों के लिए प्रक्रिया आसान और समावेशी बनी। IIM लखनऊ के निदेशक एमपी गुप्ता ने कहा कि 200 से अधिक रिक्रूटर्स के सहयोग, 559 छात्रों की समर्पण भावना और हमारे फैकल्टी, पूर्व छात्रों और स्टाफ की अटूट प्रतिबद्धता के साथ IIM लखनऊ ने एक बार फिर अपनी मजबूत प्लेसमेंट उपलब्धि को बनाए रखा है। UG बैच को हार्दिक बधाई और उनके भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं।

## फास्ट न्यूज

### बस पलटने से घायल 21 यात्रियों की अस्पताल से छुट्टी

मोहनलालगंज । पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार दोपहर एक बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए। यह हादसा गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुआ। पुलिस ने एक महिला यात्री की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में घायल यात्रियों को इलाज के बाद घर भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

### प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

लखनऊ । उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक श्री प्रभु एन. सिंह की अध्यक्षता में आज यहां परिवहन निगम मुख्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। प्रबंध निदेशक ने बैठक में बसों के संचालन व्यवस्था, यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के साथ-साथ आगामी होली पर्व के अवसर पर विशेष परिवहन व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत समीक्षा की।

### राजा मंडी में 6 कुंतल खोया पकड़ा

लखनऊ। चारबाग स्थित राजा खोया मंडी में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की विशेष टीम ने औचक निरीक्षण कर करीब 6 कुंतल संदिग्ध खोया पकड़ा। टीम ने मौके से चार नमूने जांच के लिए एकत्र किए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राजा खोया मंडी, चारबाग में गाड़ी संख्या UP30AT5446 में रखे लगभग 2 कुंतल खोया और गाड़ी संख्या UP32ZN9858 में रखे लगभग 4 कुंतल खोया का निरीक्षण किया।

# लंबित कार्यों में तेजी लाकर गुणवत्ता सुनिश्चित कराने के दिए निर्देश

## पीएम आवास योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता, समयबद्धता और पारदर्शिता के स्पष्ट निर्देश

■ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं को प्राथमिकता, पारदर्शिता और निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि शहरी विकास की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न होने पाए।

बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र लाभार्थियों को समय से आवास उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। लंबित आवासों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए तथा जिन लाभार्थियों की किस्तें लंबित हैं, उनका भुगतान तत्काल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अपात्र व्यक्तियों को सूची से हटाकर वास्तविक पात्रों को जोड़ने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा नियमित भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि पीएम आवास योजना गरीबों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर जीवन की आधारशिला है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में सत्यापन की कार्यवाही लंबित है वहां जिलाधिकारियों से वार्ता कर उनमें तेजी लाई जाए।

# विधानसभा की छवि बदली : महाना

## बजट सत्र में गंभीर बहस, पारदर्शिता और जनहित पर रहा विशेष फोकस

**तमसा संकेत, संवाददाता**





लखनऊ। सतीश महाना ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार हुआ है और इसके परिणामस्वरूप समाज में विधानसभा के प्रति बनी नकारात्मक धारणा अब सकारात्मक विश्वास में बदल रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों को अपनी संवैधानिक सीमाओं का सम्मान करते हुए जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

बजट सत्र के सफल समापन के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यशैली में आए बदलावों और उपलब्धियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा की कार्यवाही को लेकर आम जनता में निराशा और अविश्वास का माहौल था, लेकिन अब वही सदन गंभीर विचार-विमर्श, नीतिगत चर्चा और जनहित से जुड़े निर्णयों का प्रभावी मंच बन चुका है। इस सत्र में स्वस्थ बहस, तार्किक चर्चा और सकारात्मक सहयोग देखने को मिला, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के लिए एक अच्छा संकेत है।

> अध्यक्ष महाना ने इस बात पर संतोष जताया कि पूरे सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने संसदीय परंपराओं और मर्यादाओं का पालन किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवाद, संयम और शालीनता ही उसकी असली ताकत है।

### कार्यसंस्कृति में सकारात्मक बदलाव

अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हुए आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता और नवाचार को अपनाया है। इससे कार्यसंस्कृति में सकारात्मक बदलाव आया है और सदन की कार्यवाही अधिक व्यवस्थित, अनुशासित और परिणाममुखी बनी है। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा केवल ऐतिहासिक महत्व का प्रतीक नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं और समस्याओं को समाधान तक पहुंचाने वाला एक सशक्त मंच बन गई है। उन्होंने बजट सत्र को कई मायनों में महत्वपूर्ण और उपयोगी बताते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के बजट पर गंभीर और विस्तृत चर्चा हुई। विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर क्रमवार विचार-विमर्श किया गया और कई महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन की मंजूरी मिली। प्रश्नकाल के दौरान जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से जुड़े मुद्दों पर सवाल उठाकर जवाबदेही सुनिश्चित की, वहीं शून्यकाल में जनता से जुड़े अनेक अहम विषय प्रभावी तरीके से सामने आए।

उन्होंने मीडिया की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और विधानसभा की सकारात्मक छवि को जनता तक पहुंचाने में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## योगी सरकार का ब्लूप्रिंट, गुणवत्ता शिक्षा और रोजगार पर फोकस

# वन ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य पर मंत्री आशीष पटेल की समीक्षा

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने हेतु प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने मंगलवार को मुख्य भवन स्थित कार्यालय-कक्ष संख्या-87 में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर विभागीय तैयारियों का विस्तृत आकलन किया।

मंत्री पटेल ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपनी वास्तविक और तथ्यात्मक मांगें तीन दिन के भीतर संबंधित अनुभाग को भेजें तथा उसकी प्रति निजी सचिव को भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि योजनाएं ठोस आधार पर तैयार हों, ताकि शिक्षा क्षेत्र में निवेश का सीधा प्रभाव गुणवत्ता और रोजगार पर दिखे। उन्होंने परीक्षा कैलेंडर को समयबद्ध रखने पर जोर देते हुए बताया कि मई के दूसरे सप्ताह से परीक्षाएं प्रारंभ कर 20 जून तक परिणाम घोषित किए जाएंगे।

रोजगार उन्मुख शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्लेसमेंट पोर्टल, उद्योग-संस्थान सहयोग और निजी भागीदारी की भी समीक्षा की गई। इंजीनियरिंग छात्रों के लिए विकसित केंद्रीकृत प्लेसमेंट पोर्टल शीघ्र लॉन्च किया जाएगा, जिससे छात्रों को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर रोजगार अवसर मिलेंगे। साथ ही निजी कंपनियों के साथ एमओयू, मेकर लैब, इनोवेशन सेंटर और एआई/एमएल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्किलिंग को उद्योग की जरूरतों से जोड़ा जा रहा है।



■ प्लेसमेंट पोर्टल और इंडस्ट्री साझेदारी से युवाओं को नई उड़ान

### नैक रैंकिंग में सुधार

बैठक में एनआईआरएफ, एनबीए और नैक रैंकिंग में सुधार को प्राथमिकता दी गई। मंत्री ने कहा कि जो संस्थान एनआईआरएफ में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा, उसे नियमित बजट के अतिरिक्त विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने संस्थानों को स्व-मूल्यांकन, रिसर्च, प्लेसमेंट, नवाचार और प्रशासनिक दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए तथा बताया कि आगामी एक माह के भीतर सभी कॉलेजों के साथ क्रमवार बैठकें आयोजित की जाएंगी, जो आगे मासिक समीक्षा का रूप लेंगी।

# लखनऊ हाईकोर्ट के गेट पर वकीलों का प्रदर्शन

## हत्यारों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाने की मांग

■ वकीलों की आएदिन हो रही हत्याओं पर आक्रोश

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही अधिवक्ताओं की हत्याओं के विरोध में आज मंगलवार को हाई कोर्ट लखनऊ के गेट नंबर 6 पर अधिवक्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार को आगाह किया गया कि यदि कठोरतम कार्रवाई नहीं की गई तो अधिवक्ता पूरे प्रदेश में प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा। आंदोलन में मुख्य रूप से उपस्थित अंकित कुमार यादव,विशाल सिंह, अखिलेशा नंद पांडे, संदीप कुमार यादव, जी ओ.पी. तिवारी, उमेश प्रताप यादव, अंशुमान पांडे, अमित सिंह भदोरिया, विजय बहादुर यादव, हिमांशु पाठक, प्रकाश वर्मा, जयविंद यादव,पिंकी वर्मा, विष्णु देव यादव, कुशाग्र सिंह, सौरभ राय, अंकुर यादव, विनीत चौरसिया, राजीव गुप्ता,सुशील यादव, अंकित सिंह, रामकृपाल यादव, कुलदीप दुबे, सद्दाम खान, पंकज राय, सऊद खान, युवराज सिंह, अनीशा द्विवेदी, अनिल मिश्रा,आनंद गिरि, देवकीनंदन पांडे, गणेश नाथ मिश्रा, श्याम बहादुर सिंह, ऋषि पांडे, मोहित बजाज, अजीत सिंह चौहान, शुभांगी द्विवेदी, संजय मिश्रा, नीरज त्रिपाठी,आदि अधिवक्तागढ़ उपस्थित रहे।

# प्रदेश के आयुष केंद्र अंधेरे में, जापान में डींगें हांक रहे योगी : वंशराज दुबे

## आयुष विभाग की कैग रिपोर्ट के खुलासे पर भड़की आप

**तमसा संकेत, संवाददाता**





लखनऊ । आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने मंगलवार को प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश का आयुष विभाग अब विज्ञान से नहीं बल्कि विभूतियों और जादू-टोने से चल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के 153 से अधिक केंद्रों में बिजली तक उपलब्ध नहीं है, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जापान के दौरे पर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास मॉडल का गुणगान कर रहे हैं। यह खुलासा किसी राजनीतिक दल का नहीं बल्कि केंद्र सरकार की एजेंसी कैग की रिपोर्ट में हुआ है, जो अप्रैल 2018 से मार्च 2023 तक की है और जिसमें 2025 तक का डाटा शामिल किया गया है। वंशराज दुबे ने कहा कि 2017 में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह दूसरा कार्यकाल चल रहा है, लेकिन आयुष विभाग की दुर्दशा बताती है कि सरकार ने ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट खर्च ही नहीं किया। परिणाम यह है कि 153 से ज्यादा केंद्रों में बिजली नहीं है, मशीनें धूल खा रही हैं और अस्पताल अंधेरे में चल रहे हैं, जबकि भाजपा के नेता मंचों से बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते नहीं थकते। उन्होंने कहा कि कैग रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में आठ आयुर्वेदिक, नौ होम्योपैथिक और दो यूनानी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं।

> यूपी में आयुष विभाग विज्ञान से नहीं, जादू-टोने से चल रहा है

> आयुष विभाग की बदहाली और मतदाता सूची में गड़बड़ी पर आप मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने सरकार को घेरा

> यूपी में प्रशासन को वोट डालने वालों की चिंता नहीं, नाम काटने की जल्दी है

> उत्तर प्रदेश की जनता को अपनी कथनी-करनी का फर्क बताएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी
> - वंशराज दुबे

## सम्मेलन : यूजीसी इक्विटी लागू करने की मांग को लेकर 28 को सूबे के हर जनपद में होगा प्रदर्शन

# सूबे के दर्जनों संगठन एकजुट

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। यूजीसी इक्विटी नियमावली लागू करने और समता, सामाजिक न्याय और संविधान के सवाल पर राजधानी लखनऊ के दारुलसफा में सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में यूपी के विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधि, किसान संगठन, सामाजिक-राजनीतिक संगठनों, बुद्धिजीवी, एक्टिविस्ट और विभिन्न जिलों के नेतृत्वकर्ता शामिल हुए। राष्ट्रीय बांस शिल्पी महासंघ ने राजा बेन की जयंती पर पुष्प अर्पित कर सभा का शुभारंभ किया।

वक्ताओं ने बताया कि राज्य स्तरीय बैठक से संपूर्ण यूपी के जिला, ब्लॉक, कॉलेज, विश्वविद्यालयों में अभियान चलाते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में तय हुआ कि 28 फरवरी को यूपी के सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। कोर्ट में इस मसले कोर्ट में सुनवाई से पहले लखनऊ में सम्मेलन और महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। अगर सुप्रीम कोर्ट से फैसला पक्ष में नहीं आता है तो आने वाले समय में और बड़े आंदोलन की तरफ बढ़ा जाएगा। हर जिले में इस आंदोलन की संचालन टीम का भी गठन किया जाएगा।

वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी रेगुलेशन को और बेहतर प्रारूप के साथ लागू करने तक यह लड़ाई जारी रहेगी। भारत सरकार से यह मांग है कि रोहित एक्ट की तर्ज पर वंचित समाज के सभी वर्गों के साथ हो रहे जाति व भेदभाव के खिलाफ सशक्त रोहित एक्ट का निर्माण संसद से करें। देशस्तर पर जातीय जनगणना करवाने की मांग को भी इस आंदोलन में उठाते हुए अभियान चलाने का निर्णय लिया। वक्ताओं ने आगे कहा कि भाजपा सरकार लगातार बहुजन समुदाय के लिए लाए जा रहे सकारात्मक कानूनों या रेगुलेशन को कोर्ट के जरिए रुकवा दे रही हैं।

### भेदभाव की शिकायतों में 118 प्रतिशत की वृद्धि

वक्ताओं ने कहा कि यूजीसी के अपने आँकड़े ही बताते हैं कि 2019 से 2024 के बीच विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एनएफएस और लेटरल इंट्री के माध्यम से उच्च सेवा और शैक्षणिक संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को बाहर किया जा रहा है। इन स्थितियों में इन वर्गों के लोग आत्महत्या करने को मजबूर हो जा रहे हैं। इस लिहाज से विश्वविद्यालयों-कॉलेजों को जाति भेदभाव व उत्पीड़न से मुक्त बनाने की दिशा में यूजीसी इक्विटी नियमावली न्यूनतम कोशिश है।

### प्रतिनिधित्व का अभाव लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर करता है

सामाजिक न्याय के सवालों पर न्यायालय के रवैये पर वक्ताओं ने कहा कि भारत की न्यायपालिका, विशेषकर संविधान पीठों में, सामाजिक विविधता एवं प्रतिनिधित्व का अभाव लोकतंत्र की आत्मा को कमजोर करता है। ऐसे में संविधान पीठ में अनिवार्य रूप से एसटी-एससी व ओबीसी को सम्मिलित किया जाना चाहिए और न्यायपालिका में एससी-एसटी व ओबीसी के प्रतिनिधित्व की गारंटी होनी चाहिए।

सम्मेलन को राजीव यादव, शिवकुमार यादव, कमल उसरी, बलवंत यादव, मनीष शर्मा, सुनील मौर्या, संतोष कुमार धरकार, अश्वनी, वीरेंद्र यादव, कुलदीप यादव, कुमार चंदन, शशिकांत, पवन यादव, गौतम राणे, आकांक्षा आजाद, विशाल सिंह, जीशान अहमद, श्यामलाल निषाद, रणधीर यादव, डीपी यादव, मुमताज़ अहमद, संजय कुशवाहा, एडवोकेट दिलीप यादव, रामसागर, अशोक कुमार, एडवोकेट सूर्यमणि यादव आदि ने सम्बोधित किया।

## लाखों खर्च के बाद भी पानी, शौचालय और सड़क व्यवस्था बदहाल

# कजपुरा में विकास पर उठे सवाल

**आरोप**

**बृजेंद्र वीर सिंह**

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जनपद के जलालपुर विकासखंड के कजपुरा गांव में विकास कार्यों पर लाखों रुपये खर्च होने के दावों के बीच जमीनी हकीकत उलट नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल, शौचालय, सफाई और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बदहाल हैं। करीब 5000 की आबादी और लगभग 2900 मतदाताओं वाले इस गांव की स्थिति ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

व्यक्तिगत शौचालय जर्जर स्थिति में हैं, जबकि सार्वजनिक शौचालय



पर ताला लटका रहता है। इसके कायाकल्प पर 2 लाख 49 हजार 864 रुपये खर्च किए जाने का उल्लेख है। इसके बावजूद ग्रामीणों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। गांववासियों का कहना है कि रखरखाव और नियमित सफाई के अभाव में शौचालय अनुपयोगी हो चुके हैं। इससे स्वच्छता अभियान की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठ रहे हैं। गांव में कई स्थानों पर नालियां जाम हैं और कूड़े के ढेर लगे हैं। जलभराव की समस्या के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था नियमित नहीं है और शिकायतों के बावजूद सुधार नहीं हुआ। सफाई और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त न होने से संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। गांव में कई स्थानों पर बिजली के तार खंभों से नीचे झूल रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार अस्थायी जुगाड़ के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है।

### रीबोर पर लाखों खर्च, हैंडपंप अब भी बंद

गांव में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत और रीबोर पर 12 लाख 85 हजार 994 रुपये खर्च किए जाने का दावा किया गया। इसके बावजूद अधिकांश हैंडपंप बंद पड़े हैं। कई स्थानों पर वर्षों से खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई। जो हैंडपंप चालू हैं, उनसे निकलने वाले पानी की गुणवत्ता पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में मरम्मत और रीबोर दर्शाया गया, लेकिन वास्तविक सुधार दिखाई नहीं दे रहा। पेयजल संकट के कारण लोगों को निजी संसाधनों या दूरस्थ स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।



### खुले चेंबर से बढ़ा हादसे का खतरा

गांव की गलियों में जल निकासी के लिए बनाए गए चेंबर बिना ढक्कन खुले पड़े हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आए दिन कोई न कोई इनमें गिरकर चोटिल हो रहा है। जनवरी माह में रियाज और मोमिना के घायल होने की घटना के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग को जानकारी होने के बावजूद अब तक ढक्कन लगाने या मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया। इससे बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष खतरा बना हुआ है।

## भारत की अवधारणा सबको साथ लेकर चलने की : मनमोहन वैद्य

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अंबेडकरनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन वैद्य ने मंगलवार को नगर के लोहिया सभागार में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए भारत की मूल अवधारणा, सांस्कृतिक पहचान और आर्थिक दृष्टि पर विस्तार से विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

लोहिया सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वैद्य ने कहा कि भारत की अवधारणा सबको साथ लेकर चलने की है। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति विविधताओं को स्वीकार करने वाली संस्कृति है, जहां भिन्नता को विभाजन का कारण नहीं, बल्कि एकता का आधार माना जाता है। भारत पराए को भी अपना मानकर आगे बढ़ने की परंपरा रखता है और समाज को परिवार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन





समाज-केंद्रित है। यहां व्यक्ति की प्रगति समाज से जुड़ी होती है। यही कारण है कि भारतीय परंपरा में समन्वय और सहअस्तित्व को विशेष महत्व दिया गया है।

गोष्ठी में वैद्य ने आर्थिक सोच पर भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समृद्धि अर्जित करना आवश्यक है, लेकिन उसका वितरण और समाज के प्रति दायित्व निभाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, "खूब कमाओ, वितरण करो और जो बचे उसे समाज को वापस लौटाओ।" ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में भारत उद्योग और व्यापार में अग्रणी था। उन्होंने यह धारणा खारिज की कि भारत केवल कृषि प्रधान देश था। उनके अनुसार भारत विश्व व्यापार का प्रमुख केंद्र रहा है और यहां की आर्थिक संरचना बहुआयामी थी। वैद्य ने कोरोना महामारी के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय विश्व के कई देशों में मुख्य रूप से सरकारी तंत्र सेवा में लगा था, जबकि भारत में बड़ी संख्या में सामान्य नागरिक भी सेवा कार्यों में सक्रिय रहे। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों ने जोखिम उठाकर जनसेवा की, जो भारत की सेवा-भावना को दर्शाता है।

**फास्ट न्यूज**

### जिला कारागार अंबेडकरनगर का औचक निरीक्षण

अंबेडकरनगर। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेश कुमार मौर्य ने जिला कारागार अंबेडकरनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी जेलर को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस मौके पर सूर्यभान सरोज प्रभारी जेलर, तेजवीर सिंह डिप्टी जेलर, शीतल जैसवाल डिप्टी जेलर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, कारागार पीएलवी तथा जेल स्टाफ मौजूद रहे।

### सरयू नदी में नहाते समय 45 वर्षीय व्यक्ति डूबा

अंबेडकरनगर। हंसवर थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव में मंगलवार को सरयू नदी में नहाते समय 45 वर्षीय व्यक्ति डूब गया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों की टीम नदी में सघन तलाश अभियान चला रही है।

जानकारी के अनुसार नसीराबाद निवासी प्रचरन पुत्र रामाश्रय मंगलवार को गांव के बाहर बकरियां चराने गए थे। इसी दौरान वह गांव के पास बह रही सरयू नदी में नहाने के लिए उतर गए। नहाते समय अचानक वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए।

### दीवार से दबकर मासूम की मौत

वाराणसी । वाराणसी के राजातालाब थाना क्षेत्र के सरैया गांव में मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोक में डूबा दिया। बोरिंग कार्य के लिए आई मालवाहक वाहन की टक्कर से कच्ची दीवार गिरने से 5 वर्षीय मासूम अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री सरोज देवी और एक बच्ची सृष्टि गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हाहाकार मच गया।

## प्रतिमा मौर्या का बैंक ऑफ बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक में चयन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर विकासखंड के उम्मरपुर ग्रामसभा की 26 वर्षीय प्रतिमा मौर्या का चयन बैंक ऑफ बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में बैंक मैनेजर पद पर हुआ है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर हासिल की गई इस सफलता से क्षेत्र में चर्चा है। प्रतिमा मौर्या किसान परिवार से आती हैं। उनके पिता अनिल कुमार कृषि कार्य से जुड़े हैं, जबकि माता कुसुम लता गृहिणी हैं। सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता हासिल की। प्रतिमा ने स्नातक की पढ़ाई कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से बीकॉम में पूरी की। स्नातक के बाद उन्होंने बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लखनऊ स्थित Mahendra's Institute (महानगर, कपूरथला) में कोचिंग प्राप्त की।

लगातार तैयारी और अभ्यास के बाद उन्होंने बैंकिंग चयन प्रक्रिया में



सफलता प्राप्त की। परिवार के अनुसार प्रतिमा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहीं और लक्ष्य स्पष्ट रखकर तैयारी करती थीं। उम्मरपुर ग्रामसभा जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर बैंक मैनेजर पद तक पहुंचना क्षेत्र की अन्य युवतियों के लिए उदाहरण माना जा रहा है। परिवार कृषि पर निर्भर रहा, इसके बावजूद शिक्षा को प्राथमिकता दी गई। प्रतिमा ने बताया कि नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और विषयवार तैयारी से सफलता संभव हुई। उन्होंने लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों चरणों को सफलतापूर्वक पार किया।

## प्रगति -2026 परीक्षा में मंडल स्तर पर चमकी तिवारीपुर की छात्रा

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की आराध्या वर्मा ने टॉप-10 में बनाई जगह

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। विकासखंड कटेहरी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, तिवारीपुर की कक्षा-8 की छात्रा आराध्या वर्मा ने 'प्रगति-2026' स्वमूल्यांकन परीक्षा में मंडल स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है। आराध्या वर्मा, रविन्द्र वर्मा की पुत्री हैं। सीमित संसाधनों के बीच नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की। शिक्षकों के अनुसार आराध्या पढ़ाई के प्रति गंभीर और लक्ष्य के प्रति समर्पित छात्रा हैं। कक्षा में उनकी सक्रिय भागीदारी और विषयों के प्रति जिज्ञासा उन्हें अन्य छात्राओं से अलग



पहचान दिलाती है।

आराध्या की सफलता के बाद विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिली है। छात्राओं में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं को लेकर जागरूकता बढ़ी है। शिक्षकों का कहना है कि इस उपलब्धि से अन्य छात्राएं भी उच्च लक्ष्य निर्धारित कर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगी। विद्यालय प्रशासन के अनुसार बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित और अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है।

### सम्मान समारोह में हुआ अभिनंदन

उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वार्डेन रेनू सिंह ने आराध्या को मिठाई खिलाकर बधाई दी और 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि के साथ सम्मान-पत्र प्रदान किया। शिक्षकों ने कहा कि यह परिणाम छात्रा की मेहनत और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्राओं को नियमित कक्षाओं के साथ अतिरिक्त अभ्यास सत्र और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। परीक्षा की तैयारी के लिए समय-समय पर अभ्यास परीक्षाएं भी आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्राओं का आत्मविश्वास बढ़ता है।

## 23 से 28 फरवरी तक विशेष चकबंदी चौपाल

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। जनपद में चकबंदी प्रक्रिया को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए 23 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष चकबंदी चौपालों का आयोजन किया जाएगा। इन चौपालों में राजस्व व चकबंदी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहकर किसानों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। यह कार्यक्रम चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित किया जा रहा है। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अम्बेडकरनगर ने बताया कि चौपालों का उद्देश्य चकबंदी कार्यों की गुणवत्ता सुदृढ़ करना और किसानों की आपत्तियों व शिकायतों का त्वरित समाधान करना है। ग्राम चौपाल के दौरान संबंधित उप जिलाधिकारी, उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और चकबंदी

**गांवों में पहुंचेंगे अधिकारी, मौके पर सुनी जाएंगी कृषकों की समस्याएं**

अधिकारी उपस्थित रहेंगे। अधिकारी चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा लंबित मामलों पर मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

प्रशासन का लक्ष्य है कि ग्रामीण स्तर पर ही विवादों और आपत्तियों का निस्तारण हो, जिससे अनावश्यक लंबित प्रकरणों में कमी आए और चकबंदी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ सके।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपर जिलाधिकारी व उप संचालक चकबंदी द्वारा भीटी तहसील के ग्राम चतुरी पट्टी में 27 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत भवन में चौपाल आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त अकबरपुर तहसील के ग्राम रामनगर जमदरा में 28 फरवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे चौपाल का आयोजन होगा।

## इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# उर्मिला मेटरनिटी हॉस्पिटल पर लापरवाही का आरोप

**लापरवाही**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के टांडा मार्ग स्थित उर्मिला मेटरनिटी हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। परिजनों ने उपचार के दौरान 60 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का दावा करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार सैवाल ने मामले में जांच का आश्वासन दिया है।

परिजनों का आरोप है कि कुछ



देर बाद डॉक्टर ने मरीज की स्थिति गंभीर बताते हुए देर से लाने की बात कही। इसके बाद महिला की मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने परिजनों को निजी एंबुलेंस से मरीज को जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज ले जाने को कहा। परिजन जब महिला को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार ने पूरे घटनाक्रम पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि इलाज के नाम पर धनराशि जमा कराई गई, लेकिन समुचित उपचार नहीं मिला। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की भूमिका की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती

मृतका के पुत्र पवन यादव के अनुसार 22 फरवरी 2026 को दोपहर करीब तीन बजे उनकी माता मुराती देवी को पेट दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें उर्मिला मेटरनिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। परिजनों का कहना है कि महिला अपने पैरों से चलकर अस्पताल पहुंची थीं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि अस्पताल में डॉक्टर की अनुमति के बिना मेडिकल स्टोर से लगभग 4600 रुपये की दवाएं और इंजेक्शन मंगवाकर मरीज को दिए गए। इसके 40 से 45 मिनट के भीतर इलाज और ऑक्सीजन के नाम पर करीब 25 हजार रुपये जमा कराए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार सैवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में है और पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की ओर से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही तय होगी।

## नवीन मंडी सिझौली में सब्जी व्यापारी का शव फंदे से लटका मिला

### अकबरपुर थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच

**तमसा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर थाना क्षेत्र के नवीन मंडी सिझौली शहजादपुर में मंगलवार सुबह एक सब्जी व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

मृतक की पहचान अयोध्या जिले के सुभाष नगर निवासी 45 वर्षीय राजकुमार सोनकर पुत्र हरिलाल के रूप में हुई है। वह नवीन मंडी में सब्जी का व्यापार करते थे और अक्सर मंडी परिसर में ही रुकते थे।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार राजकुमार सोनकर आर्थिक दबाव में थे। उनके पुत्र गोलू ने पुलिस को बताया कि पिता ने कई लोगों से कर्ज लिया हुआ था और इसी को लेकर



वह तनाव में रहते थे। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि कहीं अन्य कोई कारण तो घटना से जुड़ा नहीं है।

मंडी के अन्य व्यापारियों ने बताया कि राजकुमार नियमित रूप से व्यापार करते थे, लेकिन हाल के दिनों में वे कुछ चिंतित दिखाई देते थे।

अकबरपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी। मंडी परिसर में हुई इस घटना से व्यापारियों में चर्चा का माहौल है। पुलिस ने कहा है कि सभी तथ्यों को संकलित कर मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

### दुकान के चैनल गेट से लटका मिला शव

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार मंगलवार सुबह जब मंडी खुली तो राजकुमार सोनकर का शव उनकी दुकान के चैनल गेट से फंदे के सहारे लटका देखा गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और आसपास के लोगों से पूछताछ की। घटनास्थल को देखते हुए प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की स्थिति साफ होगी।

## एकडंगा सेमरा में भागवत कथा का चौथा दिन कथा का विस्तृत वर्णन

### नरसिंह अवतार प्रसंग पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**तसमा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। भियांव विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकडंगा सेमरा में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान नरसिंह अवतार की कथा का विस्तृत वर्णन किया गया। कथा व्यास राम जस दास ने श्रद्धालुओं को भक्ति, आस्था और विश्वास का संदेश दिया।

कथा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भजन-कीर्तन और शंखनाद के बीच कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। आयोजन समिति की ओर से बैठने, पेयजल और प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।

कथा व्यास ने भक्त प्रह्लाद और हिरण्यकशिपु प्रसंग सुनाते हुए कहा





कि सच्ची भक्ति और अटूट विश्वास के सामने अहंकार टिक नहीं सकता। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी जो व्यक्ति ईश्वर के प्रति समर्पित रहता है, उसकी अंततः विजय होती है।

नरसिंह अवतार की कथा के दौरान श्रद्धालु "हरि बोल" और "जय श्री हरि" के जयकारों के साथ भावविभोर नजर आए। कथा स्थल पर अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक सक्रिय रहे। कथा के क्रम में गजेन्द्र मोक्ष प्रसंग का भी वर्णन किया गया। आचार्य ने कहा कि संकट की घड़ी में सच्चे मन से भगवान का स्मरण करने पर रक्षा निश्चित होती है। इसके साथ ही भगवान के वराह अवतार का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु श्रद्धा के साथ प्रवचन सुनते रहे। महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आचार्य गंगाधर दुबे, विरेंद्र पांडे, अभिषेक सिंह (निवर्तमान मंडल अध्यक्ष), सुनील गुप्ता, मनोज सिंह और रोहित पाठक सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

**शिकंजा : बस स्टैंड पर महिला यात्री को गुमराह कर पार किए थे आभूषण**

## मदद के बहाने लाखों के जेवर चोरी, चार गिरफ्तार

> गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुरादाबाद जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी मुबारक अली, फत्तन और छछले, ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी रोनक तथा भोजपुर थाना क्षेत्र के अक्का मीकनपुर पीपलसाना निवासी यूनुस के रूप में हुई है।

**तसमा संकेत, संवाददाता**

अम्बेडकरनगर। मदद के बहाने महिला यात्री के बैग से लाखों रुपये के आभूषण चोरी करने वाले चार आरोपितों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित मुरादाबाद जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के जेवर बरामद किए हैं।

मामला दर्ज कर पुलिस ने आसपास के निजी प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान का प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच कस्बा चौकी प्रभारी नेहा सिद्धार्थ और दारोगा अश्वनी सिंह को सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी के



आभूषण बेचने के लिए बसखारी की ओर आ रहे हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों आरोपितों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने सोने का गले का हार, दो झुमके, माथटीका, नथिया, लाकेट, दो अंगूठियां, दो जोड़ी पायल और बिछिया बरामद की। बरामद जेवरों की पहचान पीड़िता द्वारा की गई। क्षेत्राधिकारी नितीश तिवारी ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। महिला को गुमराह कर आरोपितों ने बैग खोलकर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण निकाल लिए। मायके पहुंचने पर बैग की जांच में चोरी का पता चला। इसके बाद परिजनों के साथ महिला ने अकबरपुर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और पूर्व में हुई घटनाओं के संबंध में भी जांच की जा रही है। बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थानों पर सक्रिय ऐसे गिरोहों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### गोशाईगंज से बसखारी जा रही थी महिला

अयोध्या जिले के गोशाईगंज थाना क्षेत्र के गंजा गांव निवासी संगीता 11 फरवरी को अपने घर से मायके बसखारी के लिए निकली थीं। वह गोशाईगंज से बस द्वारा अकबरपुर डिपो पहुंचीं और दूसरी बस में सवार होने लगीं। इसी दौरान पहले से मौजूद चार अज्ञात व्यक्तियों ने मदद के बहाने उनका बैग पकड़ लिया और बस में चढ़ गए।

# सम्पादकीय

## लगातार कठिन होता संसद का चलना




भारत की राजनीति आज ऐसी अवस्था में पहुंच गई है, जिसकी कल्पना नहीं की जाती थी। यह भारत के संसदीय इतिहास की अत्यंत गंभीर स्थिति है, जब लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया, तो उसके समानांतर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सब्सटेंसिव मोशन। राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सब्सटेंसिव मोशन लाने की मांग की है। भाजपा ने पहले राहुल गांधी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की बात की थी, किंतु अब सब्सटेंसिव मोशन लाने की पहल की है। सब्सटेंसिव मोशन विशेषाधिकार हनन से ज्यादा गंभीर होता है। सब्सटेंसिव मोशन स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसमें किसी सांसद के विरुद्ध स्पष्ट निर्णय सामने आता है। इस प्रस्ताव पर बहस और मतदान होता है तथा पारित होने पर सदन का आधिकारिक रुख और मत प्रकट होता है। यानी संबंधित सांसद का आचरण और चरित्र संसद के अनुकूल है या नहीं, उन्हें सांसद होना चाहिए या नहीं, उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने देना चाहिए या नहीं आदि। इसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और सदन की सदस्यता भी जा सकती है। चुनाव आयोग को उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की अनुशंसा भी की जा सकती है। जो भी हो, अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिलने के बाद से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आना बंद कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद बहस और परिणाम तक लोकसभा अध्यक्ष सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते, लिहाजा उन्होंने यह निर्णय लिया है। यही बात किसी सांसद या विपक्ष के नेता पर लागू नहीं होती। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव या सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होने के बावजूद संबंधित सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया जा सकता है। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर नौ मार्च को बहस होने की संभावना है। उसी दौरान यह पता चलेगा कि राहुल गांधी के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होता है या नहीं? चूंकि लोकसभा में भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बहुमत है इसलिए ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। यह बात सब्सटेंसिव मोशन पर लागू नहीं होती। बहुमत के आधार पर राजग राहुल गांधी के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव पारित कर सकता है। हालांकि कांग्रेस में उनके समर्थकों में इससे कोई परेशानी नहीं दिखाई देती। उलटे वे यह कहते हुए प्रफुल्ल हैं कि संसद में एजेंडा तो राहुल गांधी ही सेट कर रहे हैं और अब सब्सटेंसिव मोशन के बहाने बहस भी उन्हीं के इर्द-गिर्द रहेगी। इससे सहज से अनुमान लगाया जा सकता है कि राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के रणनीतिकार किस दिशा में जा रहे हैं। अगर उनकी नजर में यही सही अर्थों में राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करना है तो ऐसी कांग्रेस का भगवान ही मालिक है। राहुल गांधी अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। लगता है कि कांग्रेस के नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि लोगों में उनके प्रति सहानुभूति पैदा हो और वे इसका राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करें, लेकिन कांग्रेस के लोग जिस तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अभियान चलाते रहे हैं उसका क्या? उनकी बेटी के सिविल सर्विस पास होने तक पर प्रश्न उठाए गए थे? कांग्रेस की महिला सांसदों द्वारा उनको लिखा गया पत्र तो और शर्मनाक है। कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष के लिए ऐसी कठिन स्थिति पैदा करने की कोशिश करते हैं कि उन्हें फैसला लेने में ही समस्या हो। ओम बिरला यहां व्यक्ति नहीं लोकसभा अध्यक्ष जैसे गरिमापूर्ण पद पर हैं। उनसे व्यक्तिगत मतभेद हो सकता है, उनसे नापसंदगी भी होगी, पर पद का सम्मान करने और विश्वास करने का प्राथमिक दायित्व भी नेता और संसद न निभाएं, तो यह शर्मनाक है। अगर राहुल गांधी के समर्थकों को लगता है कि संसद में चर्चा और बहस का एजेंडा सेट करना ही बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है, तो कुछ दिन पहले एसआइआर एवं चुनाव आयोग के संदर्भ में भी उन्होंने ऐसी ही स्थिति पैदा की थी। उन्होंने अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ एसआइआर और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया, बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की, लेकिन बिहार चुनाव परिणाम में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। महाराष्ट्र चुनाव में अदाणी मुद्दा उनके लिए सर्वोपरि था, लेकिन वहां भी करारी हार हुई। लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के सांसदों का निलंबन तब किया, जब वे वेल में जाकर लगातार अध्यक्ष की ओर कागज फेंक रहे थे, कोई आदेश या नियमन नहीं मान रहे थे। सदन संचालन के नियम और

# अयोध्या अब धार्मिक नगरी ही नहीं अर्थव्यवस्था का भी बड़ा केंद्र है

> इस योजना में नई सड़कों, बेहतर जल निकासी व्यवस्था, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, आधुनिक बस टर्मिनल, पार्किंग जोन और शहरी सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया है। यानी अयोध्या को एक व्यवस्थित और साफ-सुथारे शहर के रूप में तैयार किया जा रहा है।

अयोध्या में प्रभु श्री राम के मंदिर की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2020 को रखी थी और 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर का भव्य उद्घाटन भी हो गया था। इस ऐतिहासिक घटना से भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनर्स्थापना तो हुई ही, साथ ही साथ अयोध्या केवल एक धार्मिक नगरी से आगे बढ़कर अर्थव्यवस्था के एक बड़े केंद्र के रूप में भी उभरकर सामने आने लगी है। केंद्र और यूपी सरकार की कोशिशों से अयोध्या विकास की पटरी पर सरपट दौड़ रही है भारत के मंदिर केवल आस्था के केंद्र नहीं रहे बल्कि उन्होंने सदियों से स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। तिरुपति, वैष्णो देवी और उज्जैन के महाकाल जैसे तीर्थस्थल इसके उदाहरण हैं। अब अयोध्या भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आधुनिक विकास और सांस्कृतिक विरासत के संगम का नया मॉडल बनती जा रही है। भारत की टेंपल इकोनॉमी को लेकर जानकारों का कहना है कि टेंपल इकोनॉमी का मतलब उन सभी आर्थिक गतिविधियों से है जो मंदिरों के कारण पैदा होती हैं जैसे दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु, तीर्थ पर्यटन, मंदिर प्रबंधन, प्रसाद, फूल-माला, होटल, परिवहन और अन्य सेवाएँ। भारत में मंदिर सिर्फ पूजा के स्थान नहीं रहे बल्कि हजारों सालों से आर्थिक गतिविधियों के बड़े केंद्र भी रहे हैं। पुराने समय में जब अर्थव्यवस्था स्थानीय स्तर पर चलती थी, तब मंदिर आसपास के लोगों को रोजगार और व्यापार के अवसर देते थे। तीर्थयात्रा के कारण दुकानदारों, कारीगरों, पुजारियों, गाइडों और अन्य काम करने वालों को काम मिलता था। वाराणसी, मदुरै, पुष्कर और उज्जैन जैसे शहर इसके उदाहरण हैं। ये शहर किसी बड़े उद्योग के लिए नहीं बल्कि अपने प्रसिद्ध मंदिरों और तीर्थ स्थलों के लिए जाने जाते हैं। मंदिरों के आसपास बनी यह अर्थव्यवस्था सदियों से इन शहरों को सहारा देती रही है। स्टेटबैंक ऑफ इंडिया और अन्य आर्थिक



विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार, भारत की टेंपल इकोनॉमी हर साल लगभग 3.02 लाख करोड़ से 6 लाख करोड़ तक का योगदान देती है। यह देश के कुल जीडीपी का करीब 2.3 प्रतिशत से 3 प्रतिशत हिस्सा है। इसी संदर्भ में राम मंदिर अयोध्या की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा रहा है और शहर को दुनिया के प्रमुख तीर्थ स्थलों में शामिल कर रहा है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 5 फरवरी 2020 से 5 फरवरी 2025 के बीच लगभग 400 करोड़ कर के रूप में सरकार को दिए। इसमें 270 करोड़ जीएसटी और 130 करोड़ अन्य करों के रूप में शामिल हैं। राम मंदिर के निर्माण पर सरकार को लगभग 400 करोड़ जीएसटी मिलने का अनुमान बताय जा रहा है। अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन के बाद आर्थिक गतिविधियों का प्रभाव कई गुना बढ़ गया है। धार्मिक पर्यटन ने यहाँ परिवहन, होटल, भोजन, व्यापार और दान अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व गति दी है। आईआईएम लखनऊ की रिपोर्ट में बताया गया है कि जनवरी से दिसंबर तक 2024 के बीच अयोध्या में 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुँचे। इसी प्रकार 2025 में जनवरी से जून तक 23 करोड़ 81 लाख 64 करोड़ 744 भारतीय और 49993 विदेशी श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आये। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक शोध के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024 में सिर्फ अयोध्या से जुड़ी तीर्थ यात्रा और उससे संबंधित गतिविधियों से 4 लाख करोड़ से ज्यादा का आर्थिक उत्पादन (इकोनॉमिक आउटपुट) होने का अनुमान बताया था। यानी राम मंदिर के कारण यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं से पर्यटक, होटल, दुकानों और परिवहन जैसी सेवाओं से बहुत बड़ा आर्थिक फायदा हो रहा है। जानकारों के अनुसार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ही दिन में 3 करोड़ से ज्यादा की भेंट चढ़ाई गई थी। यह दिखाता है कि श्रद्धालुओं की आस्था के साथ-साथ यहाँ बड़ी आर्थिक गतिविधि भी जुड़ी हुई है। वित्त वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश सरकार को अतिरिक्त 25,000 करोड़ तक का कर राजस्व मिलने की संभावना जताई गई है। इसमें जीएसटी और अन्य तरह के टैक्स शामिल हैं। यानी मंदिर और पर्यटन से राज्य की आमदनी भी बढ़ रही है, जिसका इस्तेमाल विकास कार्यों में किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, राम मंदिर निर्माण की परियोजना से सीधे 1,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है, जो राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े हुए हैं। यानी मंदिर के प्रबंधन, सुरक्षा, प्रशासन और अन्य कार्यों में हजार से ज्यादा लोग नियमित रूप से काम कर रहे हैं। निर्माण के दौरान स्थिति और भी व्यापक थी। मंदिर के निर्माण कार्यों में 50,000 से अधिक मजदूर अलग-अलग चरणों में जुड़े। इसमें राजमिस्त्री, इंजीनियर, पत्थर तराशने वाले कारीगर, ट्रांसपोर्ट से जुड़े लोग और अन्य श्रमिक शामिल थे। इससे हजारों परिवारों की आमदनी बढ़ी। जानकारी के अनुसार मंदिर बनने के बाद सिर्फ प्रत्यक्ष रोजगार ही नहीं बल्कि अप्रत्यक्ष रोजगार भी तेजी से बढ़ा। सीधे और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से करीब 1.2 लाख नई नौकरियाँ पैदा हुई हैं। ये नौकरियाँ होटल और पर्यटन, हस्तशिल्प और धार्मिक वस्तुओं के व्यापार, स्थानीय परिवहन और टूर गाइड सेवाओं जैसे क्षेत्रों में बनी हैं।

■ रामस्वरूप रावतसरे

## समझा जाता है...

कमलेश पांडेय

# हेक्सागन गठबंधन के अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक मायने

इजरायल द्वारा प्रस्तावित हेक्सागन गठबंधन के अंतर्राष्ट्रीय मायने बेहद दिलचस्प हैं। यह अतिवादी ताकतों के विरूद्ध शक्ति संतुलन स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वास्तव में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा प्रस्तावित यह गठबंधन एक ऐसा कूटनीतिक समूह है जिसमें भारत, अरब देश, अफ्रीकी राष्ट्र, ग्रीस, साइप्रस और अन्य एशियाई देश शामिल होंगे। समझा जाता है कि भले ही इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य कट्टरपंथी शिया और सुन्नी ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है लेकिन इसके उन वैश्विक कूटनीतिक निहितार्थों से भी इंकार नहीं किया जा सकता, जो अमेरिका, चीन और रूस जैसे तीनों अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के कान खड़े करने वाले साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए कि इस गठबंधन में विश्व की चौथी बड़ी शक्ति भारत बेहद मजबूत और नेतृत्वकारी स्थिति में रहेगा। लिहाजा इसका स्वरूप तय हो जाने के बाद अरब और खाड़ी के इस्लामिक देशों पर वर्चस्व की जो होड़ वैश्विक महाशक्तियों के बीच मची रहती है, उस पर एक हद तक अल्पविराम भी लगेगा। छह-पक्षीय (हेक्सागन) धुरी है हेक्सागन गठबंधन दरअसल, हेक्सागन गठबंधन छह-पक्षीय (हेक्सागन) धुरी है जो पश्चिम एशिया में नई वैश्विक शक्ति के रूप में उभरेगी, क्योंकि भारतीय उपमहाद्वीप से भी इसे पूरी ताकत मिलेगी। यह भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) से भी जुड़ी हुई है। वहीं इस



बेमिसाल गठबंधन में भारत को प्रमुख भूमिका दी गई है, जिसमें AI, क्वांटम कंप्यूटिंग और सुरक्षा सहयोग पर फोकस होगा। जहां तक भारत की भागीदारी की बात है तो भारत अभी आधिकारिक रूप से इसमें शामिल नहीं हुआ है, लेकिन पीएम मोदी की 25-26 फरवरी 2026 को होने वाली इजरायल यात्रा के दौरान इस पर चर्चा और समझौते होने की संभावना बलवती है। समझा जाता है कि यह 2017 के बाद पीएम मोदी की यह दूसरी बड़ी यात्रा होगी, जो पारस्परिक संबंधों को और अधिक मजबूत करेगी। वहीं नेतन्याहू ने इसे कट्टरपंथ विरोधी नई धुरी बताया है। उल्लेखनीय है कि हेक्सागन गठबंधन अभी औपचारिक रूप से अस्तित्व में नहीं आया है लेकिन इसमें शामिल होने वाले प्रमुख देशों या समूहों में इजरायल, भारत, ग्रीस, साइप्रस, कुछ अरब राष्ट्र और अफ्रीकी देश शामिल बताए गए हैं। इस गठबंधन का मुख्य देश इजरायल है जो गठबंधन का प्रस्तावक और केंद्र बिंदु है। जबकि भारत इसके प्रमुख भागीदार के रूप में देखा जा रहा है, खासकर सुरक्षा और तकनीकी सहयोग के लिए। वहीं ग्रीस और साइप्रस इसके भूमध्यसागरीय रणनीतिक साझेदार देश हैं। जबकि अरब के कतिपय देश विकास और शांति समर्थक राष्ट्र के तौर पर रहेंगे। वहीं अफ्रीकी देश क्षेत्रीय स्थिरता के लिए इसमें शामिल होंगे जबकि अन्य एशियाई देश इसमें भारत और उस जैसे सहयोगी की भूमिका में शामिल किए जाएंगे। जहां तक हेक्सागन गठबंधन के उद्देश्य की बात है तो यह गठबंधन कट्टरपंथी शिया-सुन्नी ताकतों के खिलाफ एकजुटता का प्रयास है, जिसमें भारत-मध्य पूर्व-यूरोप गलियारे से जुड़ाव हो सकता है। वहीं इसका मुख्य ध्येय कट्टरपंथी शिया और सुन्नी ताकतों (जैसे ईरान समर्थित शिया धुरी और उभरती सुन्नी कट्टरपंथी शक्तियों) के खिलाफ एकजुट होकर क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक सहयोग को मजबूत करना है। यह गठबंधन भूमध्य सागर, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया के सहयोगी देशों को एक मंच पर लाकर कट्टरपंथ, आतंकवाद और अस्थिरता का सामना करने का एक सशक्त प्रयास है। इसमें भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (IMEC) को मजबूत करना, AI, क्वांटम तकनीक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। देखा जाए तो हेक्सागन गठबंधन की भावी योजनाओं से चीन के BRI जैसे प्रयासों को चुनौती मिल सकती है। इसका अपेक्षित प्रभाव यह होगा कि एक 'नई वैश्विक धुरी' बनाने का जो नेतन्याहू का विजन है, वो विकास-समर्थक राष्ट्रों को शांति और समृद्धि के लिए एकजुट करने वाला है। इसलिए भारत इसमें प्रमुख भूमिका निभा सकता है।

## बिहार में जब...

राजेश कुमार पासी

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन की आहट

ममता बनर्जी की एसआईआर रोकने की सारी कोशिशें खत्म होती दिखाई दे रही हैं। सवाल यह है कि 12 राज्यों में शांतिपूर्ण तरीके से एसआईआर होने के बावजूद बंगाल में इसे रोकने की कोशिश क्यों की गई है। विपक्षी दलों ने एसआईआर का विरोध किया है लेकिन ममता बनर्जी इस विरोध में सारी हदें पार कर गई हैं। सवाल यह है कि वो आखिर इस प्रक्रिया से इतनी डरी हुई क्यों है। वास्तव में उनका डर अपनी जगह सही है क्योंकि इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद ममता का सारा चुनावी गणित गड़बड़ा जाने वाला है। एसआईआर का विरोध उनकी रणनीति नहीं है बल्कि मजबूरी है। बिहार में जब एसआईआर चल रहा था, तब भी ममता बनर्जी उग्रता के साथ उसका विरोध कर रही थी। जब उनके ही राज्य में एसआईआर चल रहा है तो उनका विरोध सारी हदें पार कर गया है। उन्होंने इस प्रक्रिया को रोकने के लिए अपने सारे घोड़े खोल दिये हैं लेकिन अब उनकी यह कोशिश उल्टा असर दिखा रही है। उन्होंने चुनाव आयोग के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और उसे केंद्र सरकार की कठपुतली बता रही हैं। टीएमसी एसआईआर के खिलाफ कोलकाता हाई कोर्ट गयी थी लेकिन उसे वहां से निराशा हाथ लगी। इसके बाद ममता सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहुँच गयी । सुप्रीम कोर्ट पर दबाव डालने के लिए ममता बनर्जी खुद वकील के चोगे में वहां इस केस की पैरवी करने पहुँच गयी। उन्हें लगा कि इससे सुप्रीम कोर्ट प्रभावित हो जाएगा



लेकिन अब लगता है कि माननीय न्यायाधीशो ने उनकी चाल को समझ लिया है। ममता लगातार मोदी सरकार पर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश का आरोप लगाती रही हैं लेकिन अब इसका रास्ता माननीय अदालत ने खोल दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह तय किया हुआ है कि वो किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन नहीं लगाएंगे, क्योंकि वो इसे संघीय व्यवस्था के खिलाफ मानते हैं। वो खुद मुख्यमंत्री रह चुके हैं, इसलिए वो किसी भी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के खिलाफ हैं। वैसे देखा जाए तो उनकी यह नीति सही नहीं है क्योंकि संविधान निर्माताओं ने इसकी व्यवस्था सोच समझ कर की है। जब किसी राज्य की संवैधानिक व्यवस्था बिगड़ जाए तो राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। बंगाल में बहुत पहले यह काम हो जाना चाहिए था लेकिन अब ये काम सुप्रीम कोर्ट करने जा रहा है। सवाल यह है कि हालात यहां तक कैसे आ गए हैं। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से ममता बनर्जी की सरकार को कह दिया है कि अगर एसआईआर की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई तो चुनाव नहीं होंगे।

## जरा हटके

## जब आचार संहिता...

ललित गर्ग

# मुफ्त रेवड़ी संस्कृति जीवंत लोकतंत्र के लिये घातक

भारतीय लोकतंत्र की विडंबना यह है कि चुनाव आते ही जनसेवा का स्वरूप बदलकर जनलुभावन राजनीति में परिवर्तित हो जाता है। राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनावी सफलता का शॉर्टकट बना लिया है। मतदाताओं को तात्कालिक आर्थिक लाभ देकर वोट हासिल करने की प्रवृत्ति लगातार मजबूत हो रही है। आगामी तीन-चार माह में विधानसभा चुनाव होने है, इसी संदर्भ में जब असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हुईं, तब इस संस्कृति का प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देने लगा। इसी पृष्ठभूमि में देश की शीर्ष अदालत, सर्वोच्च न्यायालय, ने मुफ्त की योजनाओं के अनियंत्रित विस्तार पर गंभीर टिप्पणी की। यह टिप्पणी केवल कानूनी दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को लेकर एक चेतावनी है। लोकतंत्र का मूल उद्देश्य जनकल्याण है। राज्य का दायित्व है कि वह गरीब, वंचित और कमजोर वर्गों को सहारा दे। सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं, न्यूनतम जीवन स्तर की गारंटी-ये सब कल्याणकारी राज्य की पहचान हैं। लेकिन जब जनहित और चुनावी लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब समस्या जन्म लेती है। लक्षित समर्थन और अतिरेक उदारता में अंतर है। एक ओर ऐसी योजनाएं हैं जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैं, दूसरी ओर ऐसी घोषणाएं हैं जो केवल मतदाता को तात्कालिक राहत देकर उसे निर्भरता की आदत सिखाती हैं। जब राजस्व घाटे से जूझ रहे राज्य मुफ्त बिजली, मुफ्त यात्रा



या नकद वितरण की घोषणाएं करते हैं, तो प्रश्न उठता है कि यह संसाधन कहां से आएंगे और इसकी कीमत कौन चुकाएगा? राजकोषीय अनुशासन किसी भी राज्य की आर्थिक सेहत का आधार है। यदि राज्य अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए खजाने को खाली करता है, तो दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। जो धन बुनियादी ढांचे के निर्माण, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, विद्यालयों की गुणवत्ता सुधार और रोजगार सृजन में लगना चाहिए, वह वोटों की फसल काटने में खर्च हो जाता है। यह प्रवृत्ति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है। लोकतंत्र में मतदाता की स्वतंत्रता सर्वोपरि मानी जाती है। यदि मतदाता को परोक्ष रूप से आर्थिक प्रलोभन देकर प्रभावित किया जाता है, तो यह स्वतंत्र निर्णय की भावना को कमजोर करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने तार्किक प्रश्न उठाया कि राज्य रोजगार सृजन और कौशल विकास पर अधिक ध्यान क्यों नहीं देते? वास्तव में रोजगार ही स्थायी सशक्तीकरण का माध्यम है। जब व्यक्ति अपने श्रम और कौशल से आय अर्जित करता है, तब उसमें आत्मसम्मान और आत्मविश्वास दोनों विकसित होते हैं। इसके विपरीत, निरंतर मुफ्त सुविधाएं व्यक्ति को निर्भर बनाती हैं। धीरे-धीरे परिश्रम की संस्कृति कमजोर पड़ती है और समाज में अकर्मण्यता की मानसिकता पनपने लगती है। यह स्थिति लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए खतरनाक है, क्योंकि लोकतंत्र केवल वोट डालने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि सक्रिय और जिम्मेदार नागरिकता का नाम है। चुनाव पूर्व घोषित योजनाओं की निष्पक्षता भी प्रश्नों के घेरे में है। जब आचार संहिता लागू रहने के दौरान बड़े पैमाने पर आर्थिक वितरण होता है, तो विपक्षी दल इसे असमान प्रतिस्पर्धा मानते हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष निगरानी की जिम्मेदारी भारत का निर्वाचन आयोग पर आती है। निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी दल मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रिश्वत देकर चुनावी लाभ न ले। आचार संहिता का उल्लंघन केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा का हनन है। यदि इस पर कठोर कार्रवाई नहीं होती, तो भविष्य में यह प्रवृत्ति और गहरी जड़ें जमा सकती है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें। यह भी समझना होगा कि मुफ्त योजनाओं का हर स्वरूप गलत नहीं है। आपातकालीन परिस्थितियों में राहत देना, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय सहायता पहुंचाना, सामाजिक न्याय के तहत वंचित वर्गों को अवसर देना-ये सब राज्य की जिम्मेदारी है। परंतु चुनावी मौसम में अचानक घोषणाओं की बाढ़ आ जाना और दीर्घकालिक वित्तीय परिणामों की अनदेखी करना लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत नहीं है। यह राजनीतिक दलों के वैचारिक दिवालियेपन को दर्शाता है, जहां दूरदृष्टि की जगह तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता दी जाती है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों की सजगता से भी आती है। यदि मतदाता केवल तात्कालिक लाभ देखकर मतदान करता है, तो वह अनजाने में ऐसी संस्कृति को प्रोत्साहित करता है जो अंततः उसी के भविष्य को प्रभावित करती है। परिपक्व मतदाता वही है जो घोषणाओं के पीछे की मंशा और आर्थिक व्यवहार्यता को समझे।

# प्रयागराज में आईपीएस अजय पाल साजिश रच रहे, सारा सिस्टम मेरे खिलाफ

# शंकराचार्य को गिरफ्तारी का डर, हाईकोर्ट में याचिका लगाई



**जांच**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। बच्चों से यौन शोषण मामले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। उन्हें डर है कि प्रयागराज पुलिस उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। वहीं, 21 फरवरी को FIR दर्ज होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी। कल यानी सोमवार को पुलिस की एक टीम वाराणसी पहुंची। स्थानीय पुलिस से शंकराचार्य और उनके करीबियों की जानकारी जुटाई।



सूत्रों के मुताबिक, प्रयागराज पुलिस आज शंकराचार्य से पूछताछ करने उनके आश्रम पहुंच सकती है। गिरफ्तारी भी कर सकती है। इसी आशंका को देखते हुए शंकराचार्य ने वकील के जरिए हाईकोर्ट का रुख किया है। इधर, मंगलवार को शंकराचार्य ने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रयागराज के एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। मोबाइल पर अजय पाल शर्मा और आशुतोष महाराज की एक तस्वीर भी दिखाई। इसमें अजय पाल शर्मा केक काटते हुए नजर आ रहे हैं, जबकि आशुतोष महाराज उनके बगल में खड़े हैं। प्रयागराज माघ मेले में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य और प्रशासन के बीच विवाद हुआ। इसके 8 दिन बाद यानी 24 जनवरी को जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। शिकायत में माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों से यौन शोषण के आरोप लगाए। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए 8 फरवरी को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट का रुख किया।

### पीड़ित के पिता बोले-बेटा एक साल पहले प्रयागराज गया था

आशुतोष महाराज ने जिन दो किशोरों को कोर्ट में पेश किया, उसमें से एक हरदोई का रहने वाला था। उसके पिता के अनुसार, करीब एक साल पहले उनका बेटा पड़ोस के गांव के एक व्यक्ति के साथ प्रयागराज गया था। वहां दान और दीक्षा के नाम पर बेटे का आधार कार्ड लिया गया था।

> शंकराचार्य ने कहा- इनका नाम अजय पाल शर्मा है। इस समय इनके अधीन ही जांच चल रही है। एक हिस्ट्रीशीटर के साथ पुलिस का बड़ा अफसर बर्थडे सेलिब्रेशन कर रहा है। मेरे खिलाफ सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से किया गया। पूरे सिस्टम को मेरे खिलाफ इसलिए लगाया गया है, ताकि मैं गो-रक्षा अभियान से पीछे हट जाऊं, लेकिन यह संभव नहीं है।

### शंकराचार्य के मठ पर पहुंचे एमएलसी आशुतोष सिन्हा

समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव समेत कई समाजवादी नेताओं ने शंकराचार्य से मुलाकात की। इस दौरान एमएलसी आशुतोष सिन्हा भी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि शंकराचार्य काशी में विराजमान हैं।

# दुकान पर युवक को डंडे-कुल्हाड़ी से पीटा

### चार आरोपियों ने गंभीर रूप से घायल किया, हिरासत में एक आरोपी

तमसा संकेत, एजेंसी



सुलतानपुर। सुल्तानपुर में एक युवक पर उसकी दुकान पर हमला हुआ है। यह घटना 24 फरवरी को कोतवाली नगर क्षेत्र के इमामदीन का पुरवा कस्बे में हुई। चार लोगों ने डंडे और कुल्हाड़ी से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता निसार (पुत्र स्व. मो. रउफ) के अनुसार, वह अपनी किराए की दुकान पर काम कर रहे थे। तभी टिन्नी (पुत्र निसार फकीर, शाह), मुबारक (पुत्र सोनू), अली (पुत्र मनान) और एक अज्ञात व्यक्ति मुंह बांधकर दुकान पर पहुंचे। उन्होंने निसार को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब निसार ने उन्हें गाली देने से रोका, तो चारों आरोपियों ने लात-घूंसों, डंडों और कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में निसार की पीठ पर लगभग दो इंच गहरा घाव हो गया, और उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। निसार के चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के कई लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

**फास्ट न्यूज**

### शराब के नशे में बडे.भाई की हत्या

आगरा। आगरा के ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में सोमवार रात पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। शराब के नशे में छोटे भाई ने बड़े भाई की लोहे के सब्बल से वार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, नगला किशनलाल, बजरंग नगर में सात भाइयों के परिवार में छोटे भाई सत्तो और बड़े भाई भूरा के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। सोमवार रात करीब आठ बजे दोनों के बीच शराब के नशे मेंहासुनी शुरू हुई।

### किन्नर समाज को अपने ही सदस्य से जान का खतरा

गाजीपुर। गाजीपुर जनपद में किन्नर समाज के एक प्रतिनिधि-मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उन्हें अपने ही समाज के बिट्टू किन्नर से जान का खतरा है, जो पूर्व में हत्या के मामले में आरोपी रह चुका है। किन्नर समाज की अध्यक्ष चांदनी किन्नर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि बिट्टू किन्नर नामक एक शातिर अपराधी, जो पूर्व में गंगा किन्नर की हत्या का आरोपी है और वर्तमान में फरार चल रहा है।

### लाइनमैन की पत्नी ने जेई को पीटा

बलरामपुर। बलरामपुर में बिजली विभाग के JE (अवर अभियंता) की लाइनमैन की पत्नी ने पिटाई कर दी। महिला का आरोप है कि JE ने उसके पति को नौकरी से निकाल दिया। उसके बच्चे 4 महीने से भूखे हैं। महिला का कहना है कि उसका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। कई बार विभाग में गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया- महिला को सूचना मिली थी।

# आयुष्मान प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केंद्र का उद्घाटन

### आमजन को मिलेगी समग्र स्वास्थ्य सुविधा

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी के सूरतगंज कस्बे में बालाजी आयुर्वेद वनौषधि औद्योगिक सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा संचालित आयुष्मान प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र एवं योग केंद्र का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। यह केंद्र धर्मकांटा के सामने स्थित है। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से आमजन को सुलभ और समग्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने बताया कि बदलती जीवनशैली और बढ़ते रोगों के बीच प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एक सुरक्षित, किफायती और प्रभावी विकल्प हो सकती है। केंद्र में एक्यूप्रेशर और पंचकर्म थेरेपी



के माध्यम से शरीर का शुद्धिकरण कर विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा। यहां जड़ी-बूटियों से बने चूर्ण, काढ़ा और अन्य प्राकृतिक औषधियों के साथ योग, प्राणायाम और ध्यान विधियों का उपयोग होगा। शुगर, उच्च रक्तचाप, थायरॉइड, चर्म रोग, माइग्रेन, लकवा, यौन रोग और नशा मुक्ति जैसी समस्याओं के उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। विशेषज्ञों के अनुसार, प्राकृतिक चिकित्सा शरीर की आंतरिक शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है, जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

### कानपुर में डीएसपी ने दोनों को लाइन हाजिर किया, जवान का अस्पताल में चल रहा इलाज

# एयरफोर्स जवान को पीटने वाले दरोगा-सिपाही पर एक्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में एयरफोर्स के जवान के साथ मारपीट के मामले में दरोगा और सिपाही पर एक्शन हुआ है। डीसीपी साउथ ने दोनों दरोगा रविन्द्र बुंदेला और कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि एडीसीपी घटना की जांच कर रहे हैं। 19 फरवरी की रात एयरफोर्स के जवान नीतीश सचान को थाने ले जाकर पुलिस कर्मियों ने पीटा था। उसका कान का पर्दा फट गया। जवान का इलाज कानपुर के एयरफोर्स हॉस्पिटल में चल रहा है। इसके बाद उसका शांति भंग में चालान कर दिया था। घाटमपुर थाना क्षेत्र के देवमनपुर गांव के रहने वाले नितीश सचान (26) एयरफोर्स में तैनात हैं। वह पोरल



रविंद्र सिंह, आरोपी दरोगा | प्रदीप कुमार, सिपाही

यानी जहाज मेंटीनेंस अधिकारी हैं। उनकी तैनाती गुजरात के जामनगर एयर फोर्स स्टेशन पर है। इन दिनों वह अपने घर आए हुए हैं। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी की रात वह नौरंगा गांव निवासी अपने दोस्त अर्पित साहू के भाई की शादी में शामिल होने गए थे। वहां से रात में वापस आने पर रात करीब 11 बजे मूसानगर रोड स्थित गेस्टहाउस से पैदल घर लौट रहे थे। इसी बीच घाटमपुर थाना पुलिस की गश्ती टीम ने रोका। वह लोग सफेद बोलेरो पर थे। नितीश सचान ने बताया कि पुलिस वालों ने पहले नाम पूछा। पिता की जानकारी देने पर अभद्रता की। अपना परिचय फौजी का दिया तो गाली-गलौज की। बोले-फौजी चोर होते हैं। विरोध करने पर गाड़ी में लादकर थाने ले गए। वहां पिटाई की। इतना पीटा कि बाएं कान का पर्दा फट गया। एक आंख पूरी काली हो गई। इसके साथ ही पूरे शरीर पर भी पिटाई के निशान हैं। इसके बाद शांति भंग की कार्रवाई कर पुलिस उसे घाटमपुर सीएचसी ले गई। वहां से कानपुर रेफर किया गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस उसे आगे इलाज के लिए नहीं ले गई। शांति भंग की कार्रवाई कर छोड़ दिया गया। इसके बाद परिजन कानपुर स्थित सेवेन एयरफोर्स अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां जांच में कान का पर्दा फटने की पुष्टि हुई। 3 दिनों से नितीश सचान का एयरफोर्स अस्पताल में इलाज चल रहा है।

> कानपुर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी- जवान की मां ने शिकायत पत्र दिया है। घटना की जांच एडीसीपी योगेश कुमार को सौंपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दरोगा और सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है। आगे जांच पड़ताल की जा रही है।

### होली और ईद को लेकर प्रशासन अलर्ट

बाराबंकी। आज दिनांक 24 फरवरी 26 को जिलाधिकारी बाराबंकी द्वारा आगामी त्योहारों होलिका दहन/होली व जमात-उल-विदा (अलविदा), ईद-उल-फितर आदि के दृष्टिगत जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु धर्मगुरुओं/ सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ लोक सभागार कलेक्ट्रेट, बाराबंकी में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक की गयी। इस दौरान विभिन्न बिन्दुओं/समस्याओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, समस्त उपजिलाधिकारीगण, समस्त क्षेत्राधिकारीगण व अन्य प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी एवं दक्षिणी, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# रांची से दिल्ली जा रहा विमान चतरा में क्रैश, सात लोगों की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी/रांची। झारखंड के चतरा जिले में सोमवार रात एक एयर एम्बुलेंस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद वाराणसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल में भी अलर्ट की स्थिति बन गई थी, क्योंकि विमान का मार्ग बदलने और संपर्क टूटने की सूचना से स्थिति गंभीर हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एयर एम्बुलेंस विमान झारखंड की राजधानी रांची से नई दिल्ली के लिए उड़ान भर रहा था। विमान में एक गंभीर मरीज, डॉक्टर और चालक दल सहित कुल सात लोग सवार थे। उड़ान के दौरान खराब मौसम का सामना करने पर पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से मार्ग बदलने की अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के कुछ समय बाद ही विमान का संपर्क एयर ट्रैफिक



कंट्रोल से टूट गया, जिससे अधिकारियों की चिंता बढ़ गई। बाद में पता चला कि विमान चतरा जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) द्वारा जारी बयान में बताया गया कि दिल्ली स्थित रेडबर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित बीचक्राफ्ट C90 एयरक्राफ्ट (VT-AJV) ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से शाम 7:11 बजे उड़ान भरी थी। यह विमान एयर एम्बुलेंस सेवा के तहत एक गंभीर मरीज को इलाज के लिए दिल्ली ले जा रहा था। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि विमान में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने शवों को कब्जे में लेकर पहचान और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में खराब मौसम को हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हालांकि, नागर विमानन महानिदेशालय और अन्य संबंधित एजेंसियों ने दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने एयर एम्बुलेंस सेवाओं की सुरक्षा और मौसम संबंधी जोखिमों को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, इस दुखद घटना से विमानन क्षेत्र और मृतकों के परिजनों में शोक की लहर है।

### विवाद के दौरान महिला को मारी गोली

झांसी। झांसी में दो पक्षों की लड़ाई देख रही महिला की गोली लगने से मौत हो गई। गोली महिला के सीने में लगी। वहीं उसके बेटे के भी छर्रे लगे हैं। घरवालों ने घायल मां-बेटे को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने कुसुम देवी को मृत घोषित कर दिया। राहुल की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना उन्नाव गेट इलाके की है। कोतवाली थाना क्षेत्र के उन्नाव गेट निवासी कुसुम देवी (60) पत्नी रज्जन अपने घर के बाहर खड़ी होकर दो पक्षों के बीच हो रहे विवाद को देख रही थीं। इसी दौरान कहासुनी बढ़ने पर एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली कुसुम देवी के सीने में जा लगी। वहीं पास में खड़े उनके पुत्र राहुल को छर्रे लग गए, जिससे वह भी घायल होकर गिर पड़ा। घरवाले दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने कुसुम देवी को मृत घोषित कर दिया।

# बंद कमरे में नाना ने कपड़े बदलती नातिन को पकड़ा

### दातर से मुंह-छाती, हाथ काटे, जान बचाने बिना कपड़ों के भागी खून से लथपथ लड़की

तमसा संकेत, एजेंसी

मोगा। मोगा में 60 साल के नाना ने 14 साल की नातिन को कमरे में कपड़े बदलते हुए पकड़ लिया। नाना पहले से ही अंदर छुपा हुआ था। उसने नातिन से जबरदस्ती करने की कोशिश की। लड़की की चिल्लाने की आवाज सुनकर मां दौड़ी आई तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कमरे के भीतर नातिन के विरोध करने पर नाना ने दातर से उसे बुरी तरह से काट दिया। इसके बाद मां ने आसपास के लोगों को बुलाया। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। वह दरवाजा खुलते ही जान बचाने के लिए खून से लथपथ नग्न हालत में ही जान बचाने के लिए बाहर दौड़ी। मां ने दावा किया कि आरोपी उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें करता



था। इसी वजह से उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस ने अभी तक केस दर्ज नहीं किया है। पुलिस फिलहाल बयान दर्ज कर कार्रवाई का भरोसा दे रही है। स्कूल से लौटी थी छात्रा, नाना पहले से अंदर छुपाः 14 साल की लड़की एक स्कूल में 8वीं क्लास में पढ़ती है। सोमवार को वह रोजाना की तरह स्कूल से घर लौटी। इसके बाद वह कपड़े बदलने के लिए कमरे में चली गई। इस बारे में नाना को पहले से पता था। वह पहले ही उस कमरे में जाकर छुप गया। यूनिफॉर्म उतारते ही हमला कियाः लड़की की मां ने बताया कि बेटी ने कपड़े उतारने से पहले कमरे को कुंडी लगा दी थी, ताकि कोई वहां आ न जाए। उसे पता नहीं था कि नाना पहले से ही वहां छुपा हुआ है। इसके बाद जब लड़की ने अपनी यूनिफॉर्म उतारी तो नाना ने उस पर हमला कर दिया। उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। यह देख लड़की ने इसका विरोध किया तो नाना भड़क गया। बच्ची चिल्लाई तो हाथ-मुंह, सिर पर हमला कियाः लड़की की मां ने बताया कि नाना के चंगुल से छूटने के लिए बेटी चिल्लाने लगी। उस वक्त वह पास में ही थी।

### वारदात : ग्रेटर नोएडा में दौड़ाकर 3 गोलियां मारीं, गर्दन पर चाकू बरसाए

# पत्नी के सामने पति की गोली मारकर हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

गौतम बुद्धनगर। ग्रेटर नोएडा में दिनदहाड़े 30 साल के ई-रिक्शा एजेंसी संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 3 हमलावरों ने उसे घर की गली में दौड़ा लिया। फिर घर के गेट के बाहर पत्नी के सामने 3 गोलियां मारीं। जब पत्नी बचाने दौड़ी, तो एक हमलावर ने उस पर भी पिस्टल तान दी। इसके बाद चाकू से गर्दन पर कई वार किए। जब मोहल्ले के लोग दौड़े तो हमलावर भाग गए। घरवाले घायल को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मर्डर का लाइव सीन सीसीटीवी में कैद हो गया। घटना थाना ईकोटेक-1 क्षेत्र की है। पुलिस ने 2 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया, तीसरे की तलाश में दबिश दे रही है। ई-रिक्शा एजेंसी



नितिन मृतक

संचालक हत्या के केस में 4 महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। इसके बाद नितिन ने दिल्ली की एक कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। वहां से नितिन को जेल भेज दिया गया था। कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। जब नितिन जेल में था (6 महीने पहले), तभी उसके पिता फिरे नागर की हत्या हो गई थी। उनका शव घंघौला के खेतों में मिला था। उनकी हत्या में भी सचिन पर ही शक जताया गया था। लेकिन, उस समय नितिन जेल में था। इस वजह से शिकायत नहीं दी गई थी। पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं की थी। सामने आए 2.30 मिनट के सीसीटीवी में दिख रहा है कि नितिन (हल्के हरे रंग की टीशर्ट) अपने घर की ओर आता है। वह जैसे ही अपने घर वाली गली में घुसता है।

### घर के सामने गिराकर मारीं गोलियां, पत्नी चीखती रही

गोली मारने के बाद हमलावरों ने चाकू से नितिन की गर्दन पर कई वार किए। इसी बीच मोहल्लेवालों को आता देखकर तीनों हमलावर भाग गए। नितिन के एक रिश्तेदार ने बताया कि उसके 2 बच्चे हैं। नितिन की हत्या गांव के रहने वाले सचिन, जीते और उसके एक दोस्त ने की है। पुलिस ने 2 हमलावरों को पकड़ लिया है। बताया जाता है कि साल-2024 में विनय ठेकेदार की हत्या हो गई थी। इसमें नितिन आरोपी था।



नितिन की मौत के बाद से उसकी पत्नी बदहवास है। उसका रो-रोकर बुरा हाल है।

### शैंपू लेकर घर आ रहा था एजेंसी संचालक

गांव लुक्सर में रहने वाला नितिन ई-रिक्शा एजेंसी चलाता था। मंगलवार सुबह वह शैंपू लेने दुकान पर गया था। करीब 11 बजे वह शैंपू लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में घात लगाए 3 हमलावरों ने उसे पीछे से पकड़ लिया। नितिन ने भागने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उसे दौड़ा लिया।

# कफसिरप सिंडीकेट मनोज यादव की 13.53 करोड़ की संपत्ति जब्त

### वाराणसी में मकान-जमीन सहित 20 प्रापर्टी पर एक्शन, बैंक खाते सीज

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी पुलिस ने मंगलवार को कोडीन कफसिरप सिंडीकेट में शामिल मनोज यादव के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी मनोज यादव की 13.53 करोड़ की संपत्ति जब्त कर लिया। उसके घर के बाहर कोर्ट का नोटिस चस्पा कर दिया और जनता के बीच मुनादी कराई। कोतवाली पुलिस ने दर्ज केस में अभियुक्त मनोज कमार यादव पुत्र भोला नाथ यादव को शुभम जायसवाल का करीबी और सिंडीकेट का हिस्सा माना। इसके बाद उसकी आपराधिक कृत्य से अर्जित अचल सम्पत्तियों व खातों को सीज कर दिया। पुलिस ने कल 13 करोड 53 लाख 05 हजार 985 रुपया मल्य की सम्पत्ति को फ्रीज किया।



एसीपी कोतवाली विजय प्रताप के अनुसार अभियुक्त मनोज कुमार यादव ने भारी मात्रा में न्यू फेन्साडिल कफ सीरप को वाराणसी व आसपास के क्षेत्रों में फर्जी एव कूटरचित ईवे बिल तैयार कर नशे के रूप में प्रयोग किया। विभिन्न फर्मों के माध्यम से आपराधिक षडयन्त्र के तहत विक्रय कर भारी आर्थिक लाभ प्राप्त कर अवैध रूप से अचल सम्पत्ति क्रय की गयी है। कुल 20 संपत्तियों को चिन्हित किया गया है, जिनकी पहचान के बाद कीमत का आंकलन किया गया। संपत्ति की कुल कीमत 12,66,54,062/- रुपये मिली, बाकी धनराशि खाते में जमा है। इस संपत्ति और धनराशि को आपराधिक कृत्य से अर्जित सम्पत्तियों को किया गया था। इस दौरान एसीपी विजय प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर दयाशंकर सिंह के साथ दरोगा अंकित सिंह, विजय कुमार यादव, दीपक कुमार, एसआईटी के दरोगा लवलेश पटेल और धीरज, राज कुमार, प्रिंस तिवारी, हिमांशु कुमार सिपाही जितेन्द्र यादव, रविकान्त दूबे, गोविन्द सिंह, विकेश कुमार, प्रवीण कुमार सिंह, आशीष कुमार यादव शालिनी राय, लक्ष्मी, कोमल सिंह शामिल रहीं। आवासीय/गैर-कृषि भूमिः मौजा संधा (शिवपुर), मुनारी (काटहरा), और बनवारीपुर में स्थित प्लॉट।

## इनमें जुड़वां बेटियों समेत 5 बच्चे

# परिवार के 6 लोग घर में जिंदा जले

### दर्दनाक

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ में कपड़ा कारोबारी के परिवार के 6 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। इनमें जुड़वां बेटियों समेत 5 बच्चे हैं। कारोबारी पिता सोमवार देर शाम नमाज पढ़ने गए थे, तभी तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। उस वक्त घर में महिलाएं, बच्चों समेत 12 लोग थे। ग्राउंड फ्लोर में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को बाहर निकलने का वक्त नहीं मिला। सभी लपटों के बीच अंदर फंस गए। पड़ोसियों ने तुरंत फर्स्ट फ्लोर में फंसे 5 लोगों को सीढ़ी लगाकर बाहर निकाल लिया। लेकिन, सेकंड फ्लोर में एक महिला और 5 बच्चे फंस गए। आग-धुआं देखकर महिला डर



अनाबिया, इनायत, असदक, महविश, हम्माद, रुखसार

गई, उसने बचने के लिए सभी बच्चों के साथ खुद को कमरे में बंद कर लिया। थोड़ी देर में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग के बीच सेकंड फ्लोर तक पहुंचने को कोई रास्ता नहीं मिला तो पड़ोसी की दीवार तोड़ी गई। लेकिन, इतनी देर में महिला और 5 बच्चों की मौत हो गई। हादसे में कपड़ा कारोबारी आसिम की पत्नी रुखसार (30), जुड़वा बेटियां अनाबिया, इनायत (6 माह) अकदस (3 साल) और भाई फारुक के दो बच्चे महविश (12), हम्माद (4 साल) की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह घर से एक साथ जनाजा उठा। नौचंदी में स्थिति बाले मियां कब्रिस्तान में सभी को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। पुलिस, फायर ब्रिगेड और पड़ोसियों ने सेकंड फ्लोर तक पहुंचने की कोशिश की। लेकिन, आग, तपिश और धुएं की वजह से कुछ भी नजर नहीं आया। बाद में पड़ोसी की दीवार तोड़कर सेकंड फ्लोर में पहुंचा गया।

### लपटें देख डरी मां, बच्चों संग खुद को कमरे में बंद किया

पड़ोसियों ने धुआं उठता देखा तो चिल्लाकर परिवार को बताया। परिवार उस वक्त ऊपर की दो फ्लोर में था। जब तक उन्हें आग का पता चलता तब तक आग पूरे ग्राउंड फ्लोर को चपेट में ले चुकी थी। सीढ़ियों में भी आग फैल गई थी। फर्स्ट फ्लोर में उस वक्त 3 महिलाएं और 3 बच्चे यानी 6 लोग थे।

इनमें अरशद और फारुख की पत्नियां और मां अमीर बानो और इनके बच्चे थे। पड़ोसियों ने जैसे-तैसे सीढ़ी लगाकर इन सभी को बाहर निकाला। सेकंड फ्लोर में आसिम की पत्नी रुखसार और 5 बच्चे थे। उसने नीचे भागने की कोशिश की, लेकिन सीढ़ी में आग देखकर डर गई। उसने कमरा बंद कर लिया।





## एक साथ उठा जनाजा तो कांपे लोग

### कपड़ों के चलते तेजी से फैली आग

लिसाड़ीगेट थानाक्षेत्र में सुराही वाली मस्जिद में गली नंबर-1 किदवई नगर की है। तीन मंजिला मकान में इकबाल अहमद का परिवार रहता था। इकबाल कपड़े तैयार कराते हैं। ऑर्डर पर और दूसरे शहरों में लगने वाली एग्जिबिशन में उन्हें सेल करते हैं। परिवार में उनके 5 बेटे हैं। इनमें 3 की शादी हो चुकी थी, जबकि दो अनमैरिड हैं। सोमवार देर शाम जब हादसा हुआ, उस वक्त इकबाल अहमद और उनके 4 बेटे नमाज पढ़ने बाहर गए थे, जबकि एक बेटा प्रयागराज गया हुआ था। यानी, परिवार में कोई पुरुष मौजूद नहीं था। इकबाल अहमद का परिवार कपड़े का कारोबार करता है। ऐसे में घर के ग्राउंड फ्लोर में स्टोर बना रहा था। इसमें कपड़े ही कपडे.भरे थे। रात 8-9 बजे अचानक ग्राउंड फ्लोर में आग लग गई। बताया जा रहा कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी और कपड़ों की वजह से कुछ ही मिनट में तेजी से फैल गई।

## नोएडा में बॉयफ्रेंड संग मिलकर पति को मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में महिला ने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पति जब सो गया तो उसने बॉयफ्रेंड को घर बुला लिया। इसके बाद दोनों ने दुपट्टे से गला घोंट दिया। महिला ने घरवालों और पड़ोसियों को बताया कि पति की हार्टअटैक से मौत हो गई है।

शंका होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह दम घुटना आया। इसके बाद पुलिस ने पत्नी से पूछताछ की तो उसने सच कबूल दिया। पुलिस ने 24 घंटे में दोनों आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। दोनों के बीच 4 साल से अफेयर था। घटना सूरजपुर थाना क्षेत्र की है।

बुलंदशहर के नरौरा के गांव बेलोन निवासी विजय (33) साइट-सी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नौवा नामक कूलर फैक्टरी में काम करता था। उसकी पत्नी राखी



**दुपट्टे से गला घोंटा, घरवालों से बोली- हार्टअटैक से मौत हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पकड़ी गई**

(29) भी उसी फैक्ट्री में काम करती थी। शादी से दोनों के 3 बच्चे हैं। दोनों देवला गांव में किराए के मकान में रहते थे। इसी फैक्ट्री में जनपद सीतापुर के विचपरिया पिसावा निवासी गुरदीप (31) भी काम करता था। गुरदीप का विजय के घर आना जाना था। इस दौरान गुरदीप और राखी में लव अफेयर हो गया। विजय को इसकी जानकारी हुई तो आपस में झगड़ा हुआ।

इसके बाद गुरदीप ने फैक्ट्री छोड़ दी। वह टैक्सी चलाने लगा।

### फास्ट न्यूज

### आगरा के दीवानी कोर्ट में बम की धमकी

आगरा । आगरा के दीवानी परिसर में बम की धमकी मिली है। सूचना मिलते ही पुलिस और दीवानी परिसर में तैनात एसएस-एफ एक्टिव हो गए हैं। पूरे दीवानी परिसर को खाली कराया जा रहा है। बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया है। बताया गया है कि दीवानी परिसर की ईमेल आईडी पर धमकी भरा मेल आया है। सूचना पर बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड की टीमें पहुंच गई हैं। दीवानी परिसर के गेटों को बंद कर दिया गया है। सभी वादकारियों को बाहर किया जा रहा है।

### 'मुन्ना समोसा' खाने पहुंचेंगे अखिलेश यादव

कानपुर । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को कानपुर में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह बिरहाना रोड स्थित मशहूर 'मुन्ना समोसा' की दुकान पर समोसे का स्वाद भी चख सकते हैं।

इससे पहले 12 फरवरी को अखिलेश यादव कानपुर आए थे। तब उन्होंने पूछा कि यहां क्या फेमस है...कचौड़ी या समोसा। तब किसी ने कहा था समोसा, इसके बाद उन्होंने समोसा खाने की इच्छा जताई। कहा- कार्यक्रम के बाद समोसा खाने जाएंगे। लेकिन वह नहीं पहुंचे थे। अब 25 फरवरी अखिलेश यादव फिर से कानपुर आ रहे हैं।

### आगरा में रोडवेज बस का ब्रेक फेल

आगरा। आगरा के थाना शाहगंज क्षेत्र के खेरिया मोड़ पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ब्रेक फेल होने से ईदगाह डिपो की रोडवेज बस अचानक बेकाबू हो गई। तेज रफ्तार बस सड़क किनारे खड़े कई वाहनों में जा घुसी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षद-र्शियों के अनुसार बस ने एक के बाद एक कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।

## उत्सव : बरसाना में लड्डूमार होली में झूमे हजारों श्रद्धालु

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। ब्रज की पावन धरा बरसाना में मंगलवार को प्रसिद्ध लड्डूमार होली श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के रंगों के बीच धूमधाम से मनाई गई। श्रीजी मंदिर परिसर में आयोजित इस अनूठे उत्सव में देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। लड्डूमार होली का आयोजन परंपरागत रूप से श्रीजी मंदिर में किया जाता है, जहां राधारानी के दर्शनों के साथ श्रद्धालुओं पर लड्डुओं की वर्षा की जाती है। मान्यता है कि यह परंपरा भगवान श्रीकृष्ण द्वारा राधारानी और सखियों के संग होली खेलने की स्मृति में निभाई जाती है।

मंदिर के सेवायतों द्वारा श्रद्धालुओं पर लड्डू उछाले गए, जिन्हें प्रसाद स्वरूप ग्रहण करने के लिए भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। पूरा मंदिर परिसर "राधे-राधे" और "श्याम नाम" के जयघोष से गूंज उठा।

प्रशासन की ओर से सुरक्षा और



व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल तैनात रहा तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन किया गया।

ब्रज की इस अनोखी परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक भी पहुंचे। लड्डूमार होली के साथ ही बरसाना में आगामी लट्ठमार होली के आयोजन को लेकर भी उत्साह चरम पर है। ब्रज की फाल्गुनी उमंग में रंगी लड्डूमार होली ने एक बार फिर आस्था, प्रेम और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

### छात्र को 33 बेल्टें मारी, 12 थप्पड़ जड़े

कानपुर । कानपुर में कांस्टेबल के बेटे ने 6 दोस्तों के साथ मिलकर एक छात्र की बेल्टों से पिटाई की। पार्क में पकड़कर करीब 1 घंटे में 33 बार बेल्ट से मारा और 12 थप्पड़ जड़े। इसके बाद छात्र से कान पकड़कर माफी मंगवाई।

पीटने के बाद आरोपियों ने छात्र को धमकाते हुए कहा- ये तीन शक्लें पहचान लो, बाबूपुरवा में जीना दुश्वार कर देंगे चेहरे पर मांस नहीं बचेगा। छात्र के परिजनों का आरोप है कि शिकायत करने पहुंचे, तो युवक के पिता ने दबाव बनाते हुए समझौता करा दिया। मामला एक महीने पुराना बताया जा रहा है, लेकिन इसका वीडियो अब सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने पुलिस ने परिजनों से शिकायत करने को कहा है। घटना बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के सेंट्रल पार्क की है। बाबूपुरवा कॉलोनी के रहने वाले स्तुति ने बताया- मेरा भतीजा अविरल पांडेय किदवई नगर स्थित राष्ट्रीया इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र है। 14 जनवरी को अविरल अपने दोस्तों के साथ बैडमिंटन खेलने गया था।

## कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम श्री राधा कृष्ण जी के स्वरूप में नृत्य प्रस्तुति

# मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया रंगोत्सव का शुभारंभ

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । बरसाना स्थित श्री राधा बिहारी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में रंगोत्सव 2026 के संबंध में आयोजित भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा किया गया। मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी , उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र , मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप , पुलिस उप-महानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय , जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार , मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन , उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल आदि ने कार्यक्रम में दीप



प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम श्री राधा कृष्ण जी के स्वरूप में नृत्य प्रस्तुति हुई।

मंत्री ने कार्यक्रम में सभी लोगों को संबोधित करते हुए रंगोत्सव 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि बृजवासी श्री राधा-रानी जी और श्री कृष्ण जी को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। जो प्रेम की भाषा और संतों का सम्मान बृज की भूमि में मिलता है, वह और कहीं नहीं है। पहले बरसाना की लट्ठमार होली उत्तर भारत में ही एक प्रसिद्ध पर्व के रूप में मनाई जाती रही है, लेकिन आज बरसाना की होली विश्व प्रसिद्ध हो चुकी है। दुनिया भर से श्रद्धालु यहां की होली खेलने के लिए आतुर रहते हैं। यह प्रदेश की वर्तमान योगी आदित्यनाथ की सरकार की वजह से संभव हुआ है। कोई भी संत कितना भी ज्ञान अर्जन कर ले लेकिन ब्रजभूमि के दर्शन किए बिना उनकी तपस्या पूर्ण नहीं मानी जाती। ऐसे पवित्र स्थल की पवित्रता और तीर्थ स्थल को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मंत्री ने कहा कि न सिर्फ मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना में पर्यटन व तीर्थों का विकास हुआ है बल्कि पूरे प्रदेश में भी पर्यटन व धार्मिक स्थलों का विकास हुआ है। इससे साफ है कि वर्तमान प्रदेश सरकार की कार्यशैली से उत्तर प्रदेश की छवि बदल चुकी है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया कि रंगोत्सव के दौरान बरसाना में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र व्यवहार बनाए रखें।

> रंगोत्सव 2026 शुभारंभ के अवसर पर मंच पर बृज संस्कृति में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने सभी मंचासीन अतिथियों और श्रद्धालुओं का मन मोहा। प्रस्तुति दे रहे कलाकारों ने जब दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों के ऊपर फूलों की बरसात की तो पूरा माहौल बृज की होली में सराबोर हो गया।

## ननिहाल में शादी में आए लापता मासूम का तालाब में मिला शव

### 7 दिन से तलाश रही थी पुलिस और परिजन

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा, चौमुहाँ। थाना छाता के गांव तरौली जनूबी में सात दिन पहले अपनी ननिहाल से लापता हुए 9 वर्षीय मासूम दुष्यंत का शव मंगलवार को गांव के ही एक तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मामले की एसआईटी जांच की मांग को लेकर हंगामा किया।

जिला आगरा के थाना जगनेर अंतर्गत गांव चौरे का बरगंवा निवासी हरिओम का पुत्र दुष्यंत (9) अपनी मां संजू के साथ 10 फरवरी को तरौली स्थित अपनी ननिहाल आया



था। परिवार को 21 फरवरी को वृंदावन में एक रिश्तेदारी की शादी में शामिल होना था, जिसके चलते दुष्यंत यहीं रुका हुआ था। 18 फरवरी को दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी नानी सावित्री से बाहर खेलने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों की सूचना पर छाता पुलिस ने तलाश शुरू की थी। गांव में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में दुष्यंत गांव से बाहर की ओर जाने वाले रास्ते पर पैदल जाता हुआ दिखाई दिया था, जिसके बाद उसका कोई सुराग नहीं लग सका। मंगलवार सुबह गांव के तालाब में शव उतराता देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। शिनाख्त होने पर पता चला कि यह शव लापता दुष्यंत का ही है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाला दुष्यंत अपने भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से मां संजू और पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि मामला संदिग्ध है, इसलिए इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। हंगामे की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच तेज कर दी है।

### एयरफोर्स जवान को पीटने वाले दरोगा-सिपाही पर एक्शन

कानपुर । कानपुर में एयरफोर्स के जवान के साथ मारपीट के मामले में दरोगा और सिपाही पर एक्शन हुआ है। डीसीपी साउथ ने दोनों दरोगा रविन्द्र बुंदेला और कॉन्स्टेबल प्रदीप कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। जबकि एडीसीपी घटना की जांच कर रहे हैं। 19 फरवरी की रात एयरफोर्स के जवान नीतीश सचान को थाने ले जाकर पुलिस कर्मियों ने पीटा था। उसका कान का पर्दा फट गया। जवान का इलाज कानपुर के एयरफोर्स हॉस्पिटल में चल रहा है। इसके बाद उसका शांति भंग में चालान कर दिया था। घाटमपुर थाना क्षेत्र के देवमनपुर गांव के रहने वाले नितीश सचान (26) एयरफोर्स में तैनात हैं। वह पोरल यानी जहाज मेंटीनेंस अधिकारी हैं। उनकी तैनाती गुजरात के जामनगर एयर फोर्स स्टेशन पर है। इन दिनों वह अपने घर आए हुए हैं।

उन्होंने बताया कि 19 फरवरी की रात वह नौरंगा गांव निवासी अपने दोस्त अर्पित साहू के भाई की शादी में शामिल होने गए थे।

# अयोध्या जेल से कैदी हुआ फरार रामपुर जेल अलर्ट

### दीवारों पर कटीले तारों की बैरिकेडिंग शुरू, अधीक्षक बोले- सुरक्षाकर्मी मुस्तैद

तमसा संकेत, एजेंसी

रामपुर। रामपुर जिला जेल में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। अयोध्या जिला जेल से दो कैदियों के फरार होने की घटना के बाद मुख्यालय के निर्देश पर जेल की मुख्य दीवारों पर कटीले तारों की बैरिकेडिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य मंगलवार को जेल के मुख्य द्वार की बाईं ओर की दीवार से शुरू किया गया। जेल प्रशासन द्वारा मंगवाए गए कटीले तारों को चरणबद्ध तरीके से पूरी मुख्य परिधि दीवार पर लगाया जाएगा। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि यह कार्य अगले दो से चार दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। संवेदनशील माने गए स्थानों पर विशेष रूप से अतिरिक्त सुरक्षा



इंतजाम किए जा रहे हैं।

दरअसल, तीन सप्ताह पहले भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या की जिला जेल से दो कैदियों के फरार होने की घटना सामने आई थी। इस घटना के बाद उत्तर प्रदेश भर में जेल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई थी। इसी क्रम में अन्य जिलों के साथ रामपुर जिला जेल में भी एहतियातन सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है।

जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि मुख्यालय के निर्देशानु-सार यह कार्य कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी आशंका को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि रामपुर जिला जेल की संरचना पहले से ही अन्य जेलों की तुलना में अधिक मजबूत मानी जाती है, फिर भी अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम सतर्कता के तौर पर किए जा रहे हैं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### केरल का नाम ...

इसके अलावा गम्हरिया-चांडिल खंड पर तीसरी और चौथी लाइन बनाने को भी मंजूरी मिली है, जिसकी लागत 1,168 करोड़ रुपये है। इन प्रोजेक्ट्स से माल और यात्री आवागमन तेज होगा तथा पूर्वी और मध्य भारत के औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

श्रीनगर में नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण 1,667 करोड़ रुपये की लागत से होगा। वहीं अहमदाबाद मेट्रो प्रोजेक्ट के फेज-2बी के विस्तार के लिए 1,067 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

कैबिनेट ने कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी, जिससे 430 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। यह फैसला जूट किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में हुई। अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'यह मीटिंग और यह बिल्डिंग नए भारत के पुनर्निर्माण का सीधा उदाहरण है। इस शुभ शुरुआत के साथ, हम उस भविष्य का स्वागत करते हैं जिसकी नींव सदियों की मेहनत से रखी गई है।'

उन्होंने कहा, 'इस मौके पर हम इस जगह के इतिहास को भी याद करते हैं। ब्रिटिश काल के टेम्पररी बैरक की जगह पर 'सेवा तीर्थ' बनाया गया है।

### धर्मांतरण के आरोप...

तीन अन्य आरोपी बिलाल, चानू और यासिर की तलाश की जा रही है।

अमरीन और आफरीन ने पुलिस को बताया कि वे गरीब घरों की लड़कियों को टारगेट करती थीं। पहले मदद के नाम पर घरेलू काम के लिए रखती थीं। फिर हाई प्रोफाइल लाइफ स्टाइल का सपना दिखाकर बड़ी पार्टीज में ले जाती थीं। वहां उन्हें रईसजादों के आगे परोस दिया करती थीं।

पीड़िताओं ने FIR में बताया है कि चंदन यादव सागर रॉयल विला में अमरीन-आफरीन के साथ रहता है। वह दोनों बहनों के संपर्क में आने के बाद इस्लाम अपना चुका है। अमरीन और आफरीन दोनों पीड़िताओं को गुजरात और मुंबई ले गई थीं। वहां भी उन्होंने अनजान लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। वे शराब पीने और एमडी ड्रग्स लेने के लिए भी दबाव डालती थीं।

पुलिस ने अमरीन, आफरीन और चंदन के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। इनकी जांच कराई जाएगी। अमरीन के मोबाइल में कई संदिग्ध वॉट्सएप ग्रुप मिले हैं। उसमें कई युवतियों के फोटो भी हैं। पुलिस को अमरीन और आफरीन के देह व्यापार गिरोह से जुड़े होने के भी सबूत मिले हैं। उनके गिरोह में चंदन यादव के अलावा बिलाल और यासिर भी काम करते थे। दोनों पीड़िताओं से तीनों युवक कई बार रेप कर चुके। वे किसी को भी वारदात के बारे में बताने पर बदनाम करने की धमकी देते थे।

### बस की टक्कर से...

दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। इसके साथ ही ट्रैफिक जाम होने से भी रोकने के प्रयास किए। बताया जा रहा है कि मृतकों में से तीन मजदूर समेली कटिहार के रहने वाले थे, जबकि एक बच्चा खगड़िया जिले के मानसी का था। इस संबंध में और अधिक जानकारी जुटाई जा रही है।

### मोदी ने अमेरिका...

राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया।

भारत को कुछ नहीं मिला, उल्टा नुकसान होगा - इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा।

देश की इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर पर खतरा - अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

### मोदी ने बिना कैबिनेट...

अमेरिका से ट्रेड डील दबाव में की गई - अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी।

### यूपी सरकार की ...

बस स्टेशनों और बसों में स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ रखने को कहा गया है।

पर्व अवधि में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालक-परिचालकों (संविदा एवं आउट-सोर्सिंग सहित) को विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। प्रतिदिन औसतन 300 किमी संचालन करने पर 360 रुपये प्रतिदिन की दर से 3600 रुपये मिलेंगे । 10 दिन की पूर्ण ड्यूटी और निर्धारित मानक पूरा करने पर 450 रुपये प्रतिदिन की दर से 4500 रुपये और निर्धारित मानक से अधिक किलोमीटर पर प्रति किमी 55 पैसे अतिरिक्त मानदेय प्रदान किया जाएगा। डिपो एवं क्षेत्रीय कार्यशालाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी 10 दिन लगातार ड्यूटी पर 2100 रुपये तथा नौ दिन की ड्यूटी पर 1800 रुपये एकमुश्त दिए जाएंगे।

### शंकराचार्य को ...

शंकराचार्य ने कहा-इनका नाम अजय पाल शर्मा है। इस समय इनके अधीन ही जांच चल रही है। एक हिस्ट्रीशीटर के साथ पुलिस का बड़ा अफसर बर्थडे सेलिब्रेशन कर रहा है। मेरे खिलाफ सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से किया गया। पूरे सिस्टम को मेरे खिलाफ इसलिए लगाया गया है, ताकि मैं गो-रक्षा अभियान से पीछे हट जाऊं, लेकिन यह संभव नहीं है।

वहीं, 21 फरवरी को FIR दर्ज होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी। कल यानी सोमवार को पुलिस की एक टीम वाराणसी पहुंची। स्थानीय पुलिस से शंकराचार्य और उनके करीबियों की जानकारी जुटाई।

### हिमालय और पर्यावरण ...

उन्होंने कहा कि हिमालय क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा की भरमार है, जिस पर वैश्विक शक्तियों की नजर है। उन्होंने चेतावनी दी कि हिमालय केवल एक भौगोलिक संरचना नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण भूस्खलन, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। चारधाम यात्रा मार्ग निर्माण और अन्य विकास परियोजनाओं में पर्यावरण संतुलन का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

पाठक ने कहा कि अमेजन के जंगलों की कटाई का प्रभाव भारत के मानसून पर भी पड़ रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इससे भविष्य में जल संकट और प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख ...

सत्र परीक्षण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुभाषचंद्र यादव ने गवाहों को न्यायालय में पेश कराया और साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध करने की दलील दी।

सुनवाई के बाद अदालत ने मुलायम यादव, अजय यादव और अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही को हत्या समेत अन्य आरोपों में दोषी करार दिया। न्यायालय ने तीनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड भी आरोपित किया। मामले में चौथे आरोपित के संबंध में निर्णय अलग से हुआ।

फैसला सुनाए जाने के बाद सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीनों दोषियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जिला कारागार भेज दिया गया।

### होली के दिन बुलाकर...

शाम तक घर न लौटने पर परिजन खोजबीन में जुटे। जानकारी मिली कि मंशाराम महरुआ क्षेत्र के लोकनाथपुर गांव में एक दावत में गए थे, जहां गोली चलने की आवाज सुनी गई थी। अगले दिन सुलतानपुर जिले के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के भेवापर माइनर के पास एक शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान मंशाराम यादव के रूप में की।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ पंड्या-दुबे बेअसर रहे, कुलदीप मैच विनर, उन्हें खिलाएं

# भारतीय गेंदबाजों में मार्शल जैसा खौफ नहीं : शोएब अख्तर

**मुकाबला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में भारत साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन से हार गया। इस हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख्तर ने भारतीय गेंदबाजी की आलोचना की। शोएब ने कुलदीप को प्लेइंग-11 में रखने का सुझाव दिया है। अख्तर ने कहा, 'हार्दिक और शिवम दुबे 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। वे कोई मैल्कम मार्शल नहीं हैं, जो साउथ अफ्रीका जैसी टीम को डरा सकें। अगर आप डेथ ओवर्स में उनसे गेंदबाजी कराएंगे तो अफ्रीकी बल्लेबाजों का ऐसा पलटवार होना तय था।' मैल्कम मार्शल वेस्टइंडीज के गेंदबाज थे, जो 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते थे। 1970 और 80 के दशक में जब वेस्टइंडीज क्रिकेट की दुनिया पर राज करता था, तब मार्शल उनके सबसे खतरनाक हथियार थे। वे खतरनाक बाउंसर मारने के लिए जाने जाते थे। कई दिग्गज बल्लेबाजों की नाक और जबड़े उनकी गेंदों से टूटे थे।



शिवम दुबे

### सुंदर और वरुण की बॉलिंग का अंदाजा पहले से लगाया जा सकता है

अख्तर का मानना है कि वॉशिंगटन सुंदर और वरुण चक्रवर्ती एक ही तरह की स्किल्स वाले गेंदबाज हैं। इससे भारतीय आक्रमण का अंदाजा बल्लेबाज आसानी से लगा लेते हैं। उन्होंने कहा कि जब अटैक में विविधता नहीं होती तो दुनिया की टॉप टीमें आसानी से भारतीय गेंदबाजों को टारगेट कर लेती हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच में यही देखने को मिला जहां अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय स्पिनर्स को जमने नहीं दिया।

अख्तर ने कहा, 'इस टीम में कुलदीप यादव की कमी खल रही है। वे ऐसे गेंदबाज हैं जो हवा में बल्लेबाजों को धोखा दे सकते हैं और जरूरत पड़ने पर विकेट निकाल सकते हैं। वे एक मैच विनर खिलाड़ी हैं और उन्हें बाहर रखना समझ से परे है।'



### अख्तर- बोले- भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियां उजागर हुईं

अख्तर का मानना है कि इस हार ने भारतीय बॉलिंग यूनिट की कमियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि साउथ अफ्रीका जैसी मजबूत बैटिंग लाइन-अप के सामने भारतीय गेंदबाज पूरी तरह बेअसर नजर आए। खासकर हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे की गेंदबाजी को उन्होंने बिना धार वाली बताया। दोनों ऑलराउंडर्स ने मिलकर 6 ओवरों में 77 रन खर्च किए और केवल एक विकेट हासिल किया।

### वरुण चक्रवर्ती की बॉलिंग स्पीड पर उठाए सवाल

अख्तर ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदबाजी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'वरुण अपनी सामान्य लय में नहीं दिखे। वरुण की ताकत 97-98 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डालना है, लेकिन इस मैच में वे 94 की स्पीड पर आ गए थे। जब वे अटैक पर आए तो डेवाल्ड ब्रेविस ने उन्हें सिक्स जड़ दिया। इससे साफ है कि गेंदबाज दबाव में थे।'

## टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

### पॉवेल ने सिकंदर रजा का माथा चूमा, हेटमायर ने 108 मीटर का सिक्स लगाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में वेस्टइंडीज ने सोमवार को जिम्बाब्वे पर 107 रन की जीत दर्ज की। मुंबई के वनखड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में 10 रिकॉर्ड और रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। आगे पढ़िए इस मैच में कुल 31 छक्के लगे। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 30 सिक्स का था। जो 2014 में आयरलैंड और नीदरलैंड के मैच में बना था। यह मैच सिलहट में खेला गया था। जिम्बाब्वे के खिलाफ शिमरोन



हेटमायर ने 19 गेंद पर फिफ्टी लगाई। यह टी20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज की ओर से सबसे तेज फिफ्टी है। वे इसी एडीशन में स्कॉटलैंड के खिलाफ ईडन गार्डन्स में 22 गेंदों पर फिफ्टी बना चुके हैं। हेटमायर से पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोलंबो में 23 बॉल पर अर्धशतक लगाया था। जिम्बाब्वे के ब्रैडली इवांस और रिचर्ड नगारवा ने इस मैच में आखिरी विकेट के लिए 19 बॉल पर 44 रन की साझेदारी की। यह टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में 10वें विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है।

# रणजी फाइनल में कर्नाटक के खिलाफ जम्मू-कश्मीर ने जीता टॉस

**हुबली, एजेंसी**

रणजी ट्रॉफी एलीट 2025-26 के खिताबी मुकाबले में जम्मू-कश्मीर की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। दोनों टीमें के लिए यह मुकाबला काफी अहम है, क्योंकि कर्नाटक क टीम नौवें रणजी ट्रॉफी खिताब को जीतने की कोशिश करेगी, जबकि जम्मू-कश्मीर के पास पहला खिताब जीतने का मौका है। यह मुकाबला केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। पिच रिपोर्ट की बात करें तो घास अच्छी तरह फैली हुई है, लेकिन थोड़ी सूखी लग रही है। घास सतह को अच्छी तरह संभाले रखेगी। शुरुआती समय में नमी हो सकती है और मैच आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों के लिए मददगार हो सकती है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना अच्छा रहेगा। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने टॉस जीतकर कहा कि हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। पिच सूखी लग रही है और बाद में इसमें टर्न आ सकता है। हमने सरल रणनीति अपनाई है और भगवान की कृपा से हमने अच्छा क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा कि बस बुनियादी बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें कुछ मजबूरी में बदलाव करने पड़े।



वहीं, कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह प्रासंगिक है। मैंने तीनों मैचों में टॉस हारा है, हम भी गेंदबाजी करना चाहते थे। रणजी फाइनल तक पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि है, कई खिलाड़ी टीम में आए हैं और अपने पहले या दूसरे सीजन में फाइनल का अनुभव करना शानदार है।

## भारत की प्लेइंग-11 में प्रतिका रावल की वापसी, शेफाली वर्मा को नंबर-3 पर मौका

# एलिस पेरी और किम गार्थ चोट के कारण वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच शुरू हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को दो बड़े झटके लगे हैं। टीम की स्टार ऑलराउंडर एलिस पेरी और तेज गेंदबाज किम गार्थ चोट के कारण पूरी वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। दोनों खिलाड़ियों की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया की टीम संतुलन पर असर पड़ सकता है। हीली ने यह भी संकेत दिया कि भारत के खिलाफ टेस्ट मैच के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले सकती हैं और यह उनकी आखिरी वनडे सीरीज हो सकती है। उन्होंने कहा कि टीम को मजबूत शुरुआत करनी होगी, खासकर तब जब भारतीय टीम शानदार फॉर्म में नजर आ रही है।



### भारत ने जीता टॉस, बल्लेबाजी का लिया फैसला

पहले वनडे मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारत के लिए राहत की खबर यह रही कि युवा बल्लेबाज प्रतिका रावल एंकल इंजरी से उबरकर टीम में वापस लौटी हैं। वहीं, आक्रामक ओपनर शेफाली वर्मा को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है और उन्हें नंबर-3 पर बल्लेबाजी की जिम्मेदारी दी गई है हालांकि, बल्लेबाज हरलीन देओल को इस मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है, जिससे टीम संयोजन में बदलाव देखने को मिला।

### विश्व कप सेमीफाइनल के बाद पहली भिड़ंत


भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच यह सीरीज खास मानी जा रही है क्योंकि दोनों टीमें 2025 महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल के बाद पहली बार आमने-सामने आई हैं। उस मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और फाइनल में जगह बनाई थी।

> एलिस पेरी और किम गार्थ जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। दोनों खिलाड़ी टीम के गेंदबाजी और बल्लेबाजी विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं।

### टी20 सीरीज के दौरान लगी चोट, कप्तान ने दी जानकारी

भारत के खिलाफ हाल ही में खेले गए टी20 मुकाबले के तीसरे मैच के दौरान एलिस पेरी और किम गार्थ चोटिल हो गई थीं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने गाबा मैदान पर खेले जा रहे पहले वनडे मैच के टॉस के दौरान इस खबर की पुष्टि की।

## मनोरंजन



*फिल्म 'एक दिन' 1 मई 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर खान की सक्रिय भागीदारी, अरिजीत सिंह की आवाज और नई स्टार कास्ट के साथ यह फिल्म पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर रही है। कि 'एक दिन' न केवल एक मजबूत कहानी बल्कि संगीत और अभिनय के स्तर पर भी दर्शकों के लिए यादगार अनुभव साबित हो सकती है।*

### 'एक दिन' के पहले गाने के लिए रिलीज हुआ स्पेशल वीडियो, चार दिन रुके सिंगर के साथ

# अरिजीत के होमटाउन पहुंचे आमिर खान

**मुंबई/मुर्शिदाबाद।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर अपने काम के प्रति समर्पण और परफेक्शन को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी आगामी फिल्म एक दिन के पहले गाने की रिकॉर्डिंग के लिए आमिर खुद पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक शहर मुर्शिदाबाद पहुंचे, जहां उन्होंने मशहूर गायक अरिजीत सिंह के साथ चार दिन तक रहकर गाने की रिकॉर्डिंग प्रक्रिया को करीब से देखा और उसमें सक्रिय भूमिका निभाई। फिल्म 'एक दिन' में आमिर खान के बेटे जुनैद खान और दक्षिण भारतीय सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री साई पल्लवी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म जुनैद खान के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है, वहीं साई पल्लवी की सादगी और अभिनय क्षमता फिल्म में नई ऊर्जा जोड़ने की उम्मीद है। इस फिल्म के जरिए आमिर खान और फिल्ममेकर मंसूर खान की सफल जोड़ी एक बार फिर साथ आ रही है। इससे पहले दोनों ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार फिल्में दी हैं।



### रिकॉर्डिंग के हर पहलू पर आमिर की पैनी नजर

हाल ही में आमिर खान प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर एक विशेष बिहाइंड-द-सीन (BTS) वीडियो साझा किया, जिसमें गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान के भावनात्मक और रचनात्मक क्षणों को दिखाया गया है। वीडियो में आमिर और अरिजीत सिंह गाने के हर सुर, भाव और शब्द पर बारीकी से चर्चा करते और उसे बेहतर बनाने का प्रयास करते नजर आते हैं।

### अरिजीत सिंह के रिटायरमेंट की खबरों के बीच खास सहयोग

बीते कुछ समय से अरिजीत सिंह के संभावित रिटायरमेंट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। ऐसे में आमिर खान का व्यक्तिगत रूप से मुर्शिदाबाद जाकर उनसे मिलना और फिल्म के लिए गाना रिकॉर्ड करने का अनुरोध करना इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बन गया। आमिर ने सोशल मीडिया के जरिए अरिजीत सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी आवाज ने फिल्म को एक नई ऊंचाई दी है।

> सूत्रों के अनुसार, फिल्म का टाइटल ट्रैक 'एक दिन' बेहद भावनात्मक है और कहानी की आत्मा को दर्शाता है। अरिजीत सिंह की दिल को छू लेने वाली आवाज इस गाने को और भी खास बना रही है।

# मुंबई में 'सुबेदार' ट्रेलर लॉन्च इवेंट

### अनिल कपूर बोले- घर में कोई मेरा फैन नहीं

**मुंबई।** मुंबई में आयोजित फिल्म सुबेदार के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अनिल कपूर ने शूटिंग अनुभव शेयर किए और साथ ही मजाक में कहा कि उनके घर में कोई भी उनका फैन नहीं है। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अनिल कपूर ने बताया कि जब वह घर से इवेंट के लिए निकल रहे थे, तो उनकी पत्नी सुनीता कपूर ने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं। जब उन्होंने ट्रेलर लॉन्च की बात कही तो सुनीता ने दोबारा पूछा कि कौन सी फिल्म और कहां इवेंट है। उन्होंने यह भी कहा कि आज भी शूटिंग पर जाने से पहले उन्हें पत्नी से 10 से 15 हजार रुपए पॉकेट मनी लेनी



पड़ती है। इवेंट के दौरान अनिल कपूर ने यह भी कहा, "मेरे सभी फिल्म मेकर्स के साथ मेरा बहुत अच्छा रिश्ता है। ऐसा कोई डायरेक्टर नहीं है जिसके साथ मैंने काम किया हो और वह मेरा दोस्त न हो। चाहे सुभाष घई हों, एन. चंद्रा हों या विधु विनोद चोपड़ा।

# ब्रेन हेमरेज के बाद राइटर सलीम खान एडमिट

### सोमवार देर शाम लीलावती अस्पताल के बाहर स्पॉट हुए सलमान खान

**नई दिल्ली।** सलमान खान के पिता और स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान ब्रेन हेमरेज के बाद लीलावती अस्पताल में एडमिट हैं। मंगलवार को उन्हें अस्पताल में भर्ती हुए एक हफ्ता हो गया। सलमान अपने पिता का हाल जानने अस्पताल रेगुलरली से पहुंच रहे हैं। सोमवार देर शाम भी सलमान अस्पताल के बाहर स्पॉट किए गए। बता दें कि परिवार के अलावा सलीम खान का हाल जानने कई सेलेब्स पहुंचे है। 21 फरवरी को देर शाम शाहरुख खान अस्पताल पहुंचे। इससे पहले रणवीर सिंह, फराह खान, आमिर खान और जावेद अख्तर भी आए थे। 18 फरवरी को लीलावती अस्पताल के डॉक्टर ने सलीम खान की हेल्थ अपडेट दी थी। हालांकि, उसके बाद परिवार की ओर से मेडिकल अपडेट सार्वजनिक न करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद उनकी हेल्थ



को लेकर कोई आधिकारिक अपडेट सामने नहीं आई। वहीं, 21 फरवरी को सलमान खान के करीबी संतोष शुक्ला ने बताया कि सलीम खान का वेंटिलेटर हटा दिया गया है। अमर उजाला से बातचीत में संतोष शुक्ला ने कहा, मैं उनके पास नहीं गया, बस दूर से ही देख पाया। यह बहुत निजी पल होता है। परिवार का समय होता है और ऐसे में किसी को डिस्टर्ब न करना ही बेहतर है। हम लोग बाहर से मिल रहे हैं। लोगों से भी यही कहूंगा कि कुछ कहने के बजाय बस दुआ करें, वही सबसे अच्छा है।

# डॉन 3 विवाद में आया नया ट्विस्ट

### रणवीर सिंह को देने होंगे 40 करोड़, फरहान अख्तर लेंगे लीगल एक्शन?

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मच-अवेटेड फिल्म 'डॉन 3' (Don 3) को लेकर चल रहे विवाद में एक बड़ा नया मोड़ आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रणवीर सिंह के फिल्म छोड़ने के बाद, यह मामला अब 40 करोड़ के हर्जाने की मांग तक पहुंच गया है। रणवीर और फरहान अख्तर-रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के बीच क्रिएटिव मतभेदों की बातें तेज हो रही हैं। कहा जा रहा है कि यह मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पास गया था, लेकिन वे कोई हल नहीं निकाल पाए। अब, दोनों पक्ष कानूनी रास्ता अपनाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे इंडस्ट्री में काफी हलचल मच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टर और प्रोड्यूसर्स के बीच 'धुरंधर' की रिलीज से कुछ समय पहले तक बातचीत चलती रही, जिसके बाद उन्होंने प्रोजेक्ट से



हटने का फैसला किया। जबकि उन्होंने कथित तौर पर गुडविल के तौर पर एक निश्चित रकम देने का ऑफर दिया था, लेकिन एक्सेल द्वारा पेश किए गए कम्पेनसेशन के आंकड़े को बहुत ज्यादा मानने पर ऑफर वापस ले लिया गया। मामले से जुड़े लोगों का दावा है कि रणवीर को नहीं लगता कि क्लेम किए गए नुकसान के लिए वह कॉन्ट्रैक्ट की जिम्मेदारी लेते हैं। जिससे पता चलता है कि यह टकराव अब लिटिगेशन की ओर बढ़ सकता है। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक। लिमिटेड है। दोनों पार्टियों के अपनी-अपनी बात पर अड़े रहने के बाद, बॉडी के मेंबर्स ने सुझाव दिया कि इस मामले को लीगल टीमों द्वारा सही तरीकों से हैंडल किया जाए।


> गिल्ड अब कानूनी मदद लेने की सलाह दे रहा है, इसलिए 'डॉन 3' और उससे जुड़े फाइनेंशियल विवाद का भविष्य अभी भी पक्का नहीं है, क्योंकि इसमें शामिल पार्टियों की तरफ से आगे कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा।

### लीगल तरीके से निपटेगा झगड़ा?

गिल्ड ने कहा कि ऐसे झगड़ों में उसका रोल लिमिटेड है। दोनों पार्टियों के अपनी-अपनी बात पर अड़े रहने के बाद, बॉडी के मेंबर्स ने सुझाव दिया कि इस मामले को लीगल टीमों द्वारा सही तरीकों से हैंडल किया जाए। यह डेवलपमेंट इनफॉर्मल मीडिएशन से एक फॉर्मल कदम पीछे हटने जैसा है, जिससे पता चलता है कि यह टकराव अब लिटिगेशन की ओर बढ़ सकता है। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक।

### कैसे शुरू हुआ था विवाद?

यह झगड़ा तब शुरू हुआ जब रणवीर ने 'डॉन 3' छोड़ दी, जिसे एक्सेल एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रहा है और फरहान अख्तर डायरेक्ट कर रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रोडक्शन हाउस फिल्म के प्री-प्रोडक्शन और डेवलपमेंट स्टेज के दौरान हुए नुकसान का हवाला देते हुए 40 करोड़ रुपये का कम्पेनसेशन मांग रहा है। हालांकि, कहा जाता है कि रणवीर ने उन पर लगाई गई फाइनेंशियल लायबिलिटी की लिमिट पर सवाल उठाया है।



## समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रम्प की धमकी, कहा- गेम मत खेलो, ऊंचे टैरिफ लगाऊंगा

# ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद

**रोक**

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को टैरिफ समझौते से पीछे हटने वाले देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगे। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था। अमेरिकी US कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (CPB) ने एक बयान में कहा- 1977 के कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट



(IEEPA) के तहत लगाए गए टैरिफ की वसूली मंगलवार रात 12 बजकर 1 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे) से बंद कर दी जाएगी। एजेंसी ने इम्पोर्ट्स को निर्देश दिया है कि इन टैरिफ से जुड़े सभी कोड उसके कार्गो सिस्टम से हटा दिए जाएंगे। पेन व्हार्टन बजट मॉडल के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कोर्ट से इस फैसले से अमेरिकी सरकार को 175 अरब डॉलर (15.75 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई वापस करनी पड़ सकती है। रॉयटर्स के मुताबिक, IEEPA के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डॉलर (4,500 करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं। अब 15% टैरिफ चुकाना पड़ेगा। इन देशों का कहना है कि ट्रेड डील में जब 10% टैरिफ पर करार हुआ है तो वे ज्यादा टैरिफ नहीं चुकाएंगे। इस पर ट्रम्प प्रशासन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। इसके बावजूद ट्रम्प का कहना है कि इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि वह दूसरे कानूनों के तहत टैरिफ लगाने की अपनी ताकत का और ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं।

### ट्रम्प बोले- सुप्रीम कोर्ट ने मुझे पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए

राष्ट्रपति ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद सोमवार को कहा कि इस फैसले से उल्टा उनकी ताकत और बढ़ गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनजाने में उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए हैं। ट्रम्प ने कहा, 'मैं कुछ समय तक 'सुप्रीम कोर्ट' स्माल लेटर में लिखूंगा, क्योंकि मुझे इस फैसले का सम्मान नहीं रहा।' उन्होंने फैसले को मूर्खतापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांटने वाला बताया।

### वसूला गया टैरिफ वापस होगा या नहीं इसकी जानकारी नहीं

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तीन दिन से ज्यादा समय बाद लागू किया जा रहा है। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि इन तीन दिनों में टैरिफ क्यों वसूले जाते रहे। यह भी साफ नहीं किया गया है कि जिन लोगों से पैसा लिया गया है, उन्हें वह वापस मिलेगा या नहीं। यह आदेश सिर्फ IEEPA कानून के तहत लगाए गए टैरिफ पर लागू होगा। जबकि नेशनल सिक्योरिटी के नाम पर 'सेक्शन 232' के तहत और अनफेयर ट्रेड केस के 'सेक्शन 301' के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे और उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह लाइसेंस जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट ने बाकी सभी टैरिफ को मंजूरी दे दी है और ऐसे टैरिफ की संख्या काफी ज्यादा है।

> ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने कहा, 'कई देशों ने अमेरिका को व्यापार में बरसों तक नुकसान पहुंचाया है।' ट्रम्प का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मंगलवार से भारत समेत सभी देशों पर 15% टैरिफ शुरू हो जाएगा। दरअसल, कुछ देश 15% टैरिफ का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों से ट्रेड डील कर 10% अमेरिकी बेस लाइन टैरिफ चुकाने पर सहमति जताई थी।

## अमेजन ने एशिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस खोला

### बेंगलुरु में 11 लाख स्क्वेयर फीट में 12 मंजिला कैंपस

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने 23 फरवरी को बेंगलुरु के बाहरी इलाके कट्टिगेनाहल्ली में एशिया का अपना दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस खोला है। 11 लाख स्क्वेयर फीट में फैला यह 12 मंजिला कैंपस अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। ऑफिस में ई-कॉमर्स, ऑपरेशंस, पेमेंट्स, टेक्नोलॉजी और सेलर सर्विसेज जैसे विभागों के 7,000 से ज्यादा कर्मचारी एक साथ काम कर सकेंगे। अमेजन का यह नया कैंपस करीब 5 एकड़ जमीन पर बना है। अमेजन के ग्लोबल अफेयर्स और लीगल ऑफिसर डेविड जापोल्स्की ने बताया कि भारत में टेक्नोलॉजी अपनाने की रफ्तार और AI को लेकर जो उत्साह है, वैसा दुनिया के किसी और देश में नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेजन अब तक भारत में



अपने सभी बिजनेस में 40 बिलियन डॉलर (करीब 3.60 लाख करोड़ रुपए) का निवेश कर चुकी है। कंपनी ने 2030 तक 35 बिलियन डॉलर (करीब 3.20 लाख करोड़ रुपए) का अतिरिक्त निवेश करने का वादा किया है। डेविड जापोल्स्की ने बताया कि भारत के तेज रफ्तार वाले शहरों के लिए डिजाइन किया गया 'अमेजन नाउ' (क्विक कॉमर्स आउटलेट) काफी सफल रहा है। अब कंपनी भारत के इस मॉडल को मिडिल ईस्ट, नॉर्थ अमेरिका, यूरोप और लैटिन अमेरिका जैसे बाजारों में भी ले जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### न्यूजीलैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया में पंजाबियों का विरोध

जालंधर। न्यूजीलैंड में नगर कीर्तन रोकने के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों और खासकर पंजाबियों का विरोध शुरू हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के कट्टरपंथी नेता थॉमस सेवेल ने उन्हें देश छोड़ने की धमकी दी है। सेवेल ने कल (23 फरवरी) कहा कि हम नहीं चाहते कि ऑस्ट्रेलिया भारत और सूडान बने। सेवेल ने कहा कि इंडियंस को यह देश छोड़कर चले जाना चाहिए क्योंकि ऑस्ट्रेलिया केवल गोरों का है। उसने भारतीयों को नीच बताते हुए उनको निकालने की मांग की।

### पाक आतंकी संगठन चैटजीपीटी, क्लाउड-जैमिनी के खिलाफ

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने लगभग 5 हजार मदरसों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स के खिलाफ फतवा जारी किया है। यहां पर लगभग 12 लाख छात्र पढ़ते हैं। दरअसल, ये एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड, जैमिनी और ग्रोक इस्लाम धर्म से जुड़े सवालों के उदारवादी जवाब दे रहे थे। जबकि इन मदरसों में मौलवियों द्वारा धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या छात्रों को बताई जाती है।

### बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप-यूनुस ने उन्हें हटाने की कोशिश की

ढाका। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में अंतरिम सरकार के पूर्व मुखिया मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने उन्हें हटाने की कोशिश की थी। शाहबुद्दीन ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को उन्होंने ही यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी और यूनुस 16 फरवरी 2026 तक वास्तविक प्रधानमंत्री की तरह काम करते रहे।

# मुझे नहीं पता, कब तक जिंदा रहूंगा : ट्रम्प

### दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के रिजॉर्ट में घुसा था शख्स

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा, 'मैं कब तक जिंदा रहूंगा, यह मुझे नहीं पता। मैं बहुत लोगों की गोली के निशाने पर हूं।' ट्रम्प ने वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। ट्रम्प के इस बयान को दो दिन पहले उनके रिजॉर्ट में हुई घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, रविवार को एक शख्स डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजॉर्ट में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से



सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शॉटगन और फ्यूल केन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नॉर्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वॉशिंगटन डीसी में वाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं।

## जानबूझकर ताकत बढ़ा रहा, 6 साल में 400 हथियार बनाए, अमेरिका की बराबरी करना चाहता

# अमेरिका का दावा : चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर-टेस्ट किया



अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित परमाणु सम्मेलन में अपनी बात रखते हुए।

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने चीन पर आरोप लगाया है कि उसने लगभग छह साल पहले एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि लगभग छह साल पहले, 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट



बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच जाएगी और अगले 4-5 सालों में चीन, अमेरिका के बराबर हो सकता है। यह दावा ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता, न्यू स्टार्ट संधि, इस महीने खत्म हो गया है। इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं।

### अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा समझौता चाहते हैं ट्रम्प

पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी। इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1,550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बॉम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था।

### चीन का आरोप- अमेरिका खुद परीक्षण शुरू करना चाहता

चीन ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सम्मेलन में चीन के राजदूत जियान शेन ने कहा कि अमेरिका के दावे पूरी तरह झूठे हैं। यह अमेरिका का बहाना है ताकि वह खुद परीक्षण शुरू कर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीन ने हमेशा परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) का पालन किया है और पांच परमाणु शक्तियों (अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन) की प्रतिबद्धता के मुताबिक कोई परीक्षण नहीं किया।

## एल मेंचो की मौत से 20 राज्यों में हिंसा, 25 सैनिकों समेत 32 की मौत

# गर्लफ्रेंड का पीछा कर ड्रग माफिया तक पहुंची सेना

**मेक्सिको, एजेंसी**

मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी। एल मेंचो की मौत के बाद सोमवार को भी हिंसक प्रदर्शन हुए। BBC के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लॉक लगाए, गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात



हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और रॉकेट लॉन्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। सेना के ऑपरेशन के दौरान एल मेंचो घायल हो गया था।

### 136 करोड़ रुपए का इनामी था मेंचो

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (CJNG) का प्रमुख था। जालिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था।

> मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है।



### मेंचो की गर्लफ्रेंड के साथी पर नजर रख रही थी सेना

ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है।

## बफे के भरोसेमंद अजीत जैन ने गुरुग्राम में फ्लैट खरीदा

### डीएलएफ द केमेलियास में ₹85 करोड़ की डील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुनिया के दिग्गज निवेशक वारेन बफे के सबसे भरोसेमंद सहयोगियों में शामिल अजीत जैन ने गुरुग्राम में एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है। बर्कशायर हैथवे के वाइस चेयरमैन जैन ने गोल्फ कोर्स रोड स्थित 'DLF द केमेलियास' में करीब 85 करोड़ रुपए में यह डील फाइनल की है। 7,400 स्क्वेयर फीट का यह फ्लैट अल्ट्रा-लग्जरी कैटेगरी का है। इसमें स्विमिंग पूल, वर्ल्ड-क्लास जिम, स्पा, सौना और गोल्फ कोर्स जैसी सुविधाएं हैं। जैन ज्यादातर समय भारत से बाहर ही रहते हैं, लेकिन इस सौदे को अंतिम रूप देने के लिए वे हाल ही में दिल्ली आए थे। डील से जुड़े लोगों का कहना है कि DLF के अल्ट्रा-लग्जरी पोर्टफोलियो में NRI की हिस्सेदारी 25% से



ज्यादा हो चुकी है। अजीत जैन अमेरिका के सबसे प्रभावशाली भारतीय बिजनेस लीडर्स में से एक हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, जो लोग साल में कुछ महीने भारत में बिताते हैं, उनके लिए इस तरह के प्रोजेक्ट्स में मिलने वाली वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं सबसे बड़ा आकर्षण होती हैं। रियल एस्टेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि कोरोना के बाद से अमीर खरीदारों (UHNIs) की पसंद बदली है। अब वे अलग-थलग बंगलों के बजाय हाई-राइज लग्जरी सोसायटी को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

## बढ़त : सोना ₹5 हजार बढ़ा, 10 ग्राम ₹1.60 लाख का हुआ

# चांदी दो दिन में ₹16 हजार महंगी, कीमत ₹2.67 लाख/किलो

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सोने-चांदी के दाम में आज यानी 24 फरवरी को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,283 रुपए बढ़कर 1,59,503 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,58,220 रुपए पर था। सोना 2 कारोबारी दिनों में 5 हजार महंगा हुआ है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 2,460 रुपए बढ़कर 2,66,535 रुपए पर पहुंच गई है। कल इसकी कीमत 2,64,075 रुपए किलो थी। कल भी चांदी 13 हजार रुपए महंगी हुई थी। यानी दो दिन में ये 16 हजार से



ज्यादा बढ़ चुकी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 26,000 रुपए और चांदी 36,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था।

### 2025 में सोना ₹57 हजार महंगा हुआ

- 2025 में सोना 57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया।
- चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख प्रति किलो हो गई।

### सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान

1. **सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।
2. **कीमत क्रॉस चेक करें:** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

### 1.80 लाख तक जा सकता है सोना

इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी UBS के अनुसार सोने की मांग में तेजी बनी हुई है। 2025 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा था। अब अनुमान है कि 2026 में यह खरीदारी बढ़कर 950 टन तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही, गोल्ड ईटीएफ (ETF) में निवेश भी बढ़कर 825 टन होने की उम्मीद है। UBS को पूरा भरोसा है कि 2026 में सोने की कीमतें और ऊपर जाएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, साल के बीच तक सोना 6,200 डॉलर प्रति औंस के ऊंचे स्तर को छू सकता है।

## सेंसेक्स 1100 अंक गिरकर 82,150 पर आया

### निफ्टी में 300 अंकों की गिरावट, 25,400 पर ट्रेड कर रहा

**मुंबई, एजेंसी**

सेंसेक्स में आज यानी मंगलवार 23 फरवरी को गिरावट है। ये 1100 अंक (1.40%) गिरकर 82,150 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी करीब 300 अंक (1.25%) की गिरावट है। ये 25,400 के स्तर पर है। आज के कारोबार में आईटी और ऑटो शेयरों में बिकवाली है। आईटी शेयरों में आई गिरावट की वजह से ही बाजार दबाव में है। वहीं आईटी शेयरों में गिरावट की वजह है एंथ्रोपिक के 'क्लॉड कोड' टूल का नया अपडेट। इसे एक ऐसे टूल के रूप में देखा जा रहा है जो 'कोबोल' प्रोग्राम्स को तेजी से और सस्ते में मॉर्डनाइज करने की ताकत रखता है। कोबोल एक बहुत पुरानी प्रोग्रामिंग भाषा है, जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से बैंकों, सरकारी संस्थाओं और बड़े बिजनेस के डेटा मैनेजमेंट और फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के लिए किया जाता है। दुनिया भर के बैंकिंग



सिस्टम और एटीएम आज भी काफी हद तक इसी भाषा पर निर्भर हैं। विदेशी निवेशकों (FII) ने 23 फरवरी को 3,483 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (DII) ने 1,292 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस महीने यानी फरवरी में अब तक FIIs ने 1,472 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। इस दौरान DIIs ने 12,818 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस के इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) का आज दूसरा दिन है।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96